

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-283 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

**नई दिल्ली,11 जनवरी।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलने वाला है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025 के लिए अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश करेंगी। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को बजट सत्र की शुरुआत के साथ संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। सूत्रों ने यह भी बताया कि अंतरिम बजट में महिला, किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि को दोगुना करने का प्रस्ताव हो सकता है। कोई अन्य प्रमुख विधायी परिवर्तन वर्तमान में एजेंडे का हिस्सा नहीं है। यह प्रस्तावित प्रोत्साहन, यदि 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में पेश किया जाता है, तो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महिला कृषि श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम होगा।

### जिला अस्पताल के टॉयलेट में सिक्यूरिटी गार्ड की मिली लाश

**रायगढ़,11 जनवरी।** जिला अस्पताल के टॉयलेट में सिक्यूरिटी गार्ड की लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है।



शराब पीने वाला सुरक्षा गार्ड मेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती था। कोतवाली पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात जिला चिकित्सालय में इस समय सनसनी फैल गई, जब मेल सर्जिकल वार्ड के टॉयलेट में एक शख्स की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश बरामद हुई। मृतदेह को देखने भीड़ लगी तो उसकी पहचान बिहार निवासी हरिशंकर सिंह आत्मज रामगोविंद सिंह (63 वर्ष) के रूप में हुई। बताया जाता है कि हरिशंकर गेरवानी में अकेला रहते हुए किसी कंपनी में सिक्यूरिटी गार्ड था। बीते 3 रोज से पेट मे दर्द होने पर वह अस्पताल में भर्ती था। मेल सर्जिकल वार्ड के टॉयलेट में वृद्ध मरीज की मृत्यु किन कारणों से हुई इसका सच जानने के लिए शव को मर्च्यूरी रूम में रखवाया गया है, क्योंकि उसके परिजन बिहार से नहीं आए हैं। फ्लिहाल, मर्ग कायम करते हुए पुलिस अगर की छानबीन में जुटी है।

### आरक्षक करता था वसूली, हाथ-पैर बांधकर लोगों ने कर दी पिटाई

**बिलासपुर,11 जनवरी।** बिलासपुर से एक आरक्षक की लाठी-डंडे और हाथ मुक्के से पिटाई का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में आरक्षक की महिला और कुछ युवक पिटाई करते हुए दिख रहे है। आरक्षक



गिरगिड़ते हुए कह रहा है कि मैं मर जाऊंगा, मुझे छोड़ दोउ्इसके बावजूद भी युवक और महिला गाली गलौज करते हुए डंडे से आरक्षक की बेदम पिटाई कर रहे है। दरअसल, वीडियो के संबंध में बताया दावा किया जा रहा है कि कॉन्स्टेबल अजीत सिंह सिरगिट्टी थाना में पदस्थ है और वो वसूली करने तिफ्रा में पहुंचा था। दावा किया जा रहा है कि मारपीट करने वाले लोग क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त है और पुलिस का डर बताकर आरक्षक इन लोगों से वसूली करने पहुंचा था। इतने में महिला और कुछ युवक आरक्षक की जमकर पिटाई कर दिए।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम



**नई दिल्ली,11 जनवरी।** भारत मंडपम में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने पुरस्कार ग्रहण किया।प्रोग्राम के दौरान भारत मंडपम में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास, आवास और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में अच्छे प्रदर्शन के लिए राज्य के पांच नगरीय निकाय रायपुर, पाटन, कुम्हारी, महासमुंद और आरंग को भी राष्ट्रीय अवार्ड मिला। गौरतलब है कि केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण देश में कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की और राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड हासिल किए है। वर्ष 2017 में ही छत्तीसगढ़ ओडीएफ राज्य

> » **रायपुर,पाटन,कुम्हारी, महासमुंद एवं आरंग को मिला राष्ट्रीय अवार्ड**

होने की गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल कर चुका है।

इसके साथ ही राज्य में तीन लाख निजी शौचालयों का निर्माण पूरा कराये जाने की उपलब्धि भी राज्य ने हासिल की थी। राज्य में स्वच्छता के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए 10 हजार स्वच्छता दीदियों के माध्यम से मिशन क्लीन सिटी शुरू की गई थी। स्वच्छता क्रियान्वयन के बेहतर परिणाम के चलते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को इंदौर में पुरस्कृत किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2014 से 2017 के दौरान स्वच्छता को लेकर जो नीतियां बनायी गई और कई परियोजनाएं शुरू की गई थी, जिसके चलते राज्य में स्वच्छता को स्थायी तौर पर आगे बढ़ाने में मद्द मिली है। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अभिनव प्रयोग करते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण के लिए सुविधा-24 योजना शुरू की गई। निर्मित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के संचालन और संधारण के लिए स्वच्छता श्रृंगार योजना प्रारंभ की गई थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में स्वच्छता को लोगों की आदत में शामिल करने और इसे स्थायी रूप से व्यवहार में लाने के लिए कचरा प्रबंधन, निजी, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण एवं प्रबंधन, सफाई मित्रों की सुरक्षा, कचरा मुक्त शहर, ओडीएफ तथा सेप्टिक टैंक के अवशेष के निपटान पर विशेष से फोकस किया गया, जिसके चलते राज्य में स्वच्छता को सतत् रूप से आगे बढ़ाने में मद्द मिली है।

## कचरा बीनने वाली बिहुला को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता

**आय का आधा हिस्सा राममंदिर के लिए अयोध्या भेजती रही**

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजिम,11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज धर्म नगरी राजिम में कचरा बिनने वाली बिहुला बाई को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने न्योता मिलने से गजब का उत्साह है. बिहुला बाई लम्बे समय से रोजाना कचरा बिनने का काम कर अपने व परिवार का पालन-पोषण करती हैं. बीते साल जब श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या मे मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि अभियान का कार्य जोरो पर चल रहा था, तब नियमित दिनचर्या अनुसार दिन भर कचरा एकत्र कर बेचने के बाद मिले 40 रुपए में से बिहूला बाई देवार ने 20 रुपए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए दान किया था, राम भक्ति की समर्पण की ये भावुक कर देने वाला पल रहा.अयोध्या में राम मंदिर के लोकार्पण व प्राण प्रतिष्ठा के अविस्मरणीय पल को यादगार बनाने अझत कलश के माध्यम से निमंत्रण दिया जा रहा है. इसी क्रम में बिहूला बाई की भावना को देखते हुए हिन्दू



संगठन से जुड़े लोग अक्षत कलश लेकर बिहुला बाई के झोपड़ी पहुंचे और उन्हें रामजी के दर्शन का न्योता दिया. आमंत्रण मिलते बिहुला बाई भावुक हो गईं.

बता दें कि कचरा बिनकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ ही खुद कच्चे मकान में खदर की झोपडी में रहती हैं, लेकिन अपने घर के सामने मेहनत मजदूरी कर बाकायदा सीमेंट से भव्य मंदिर बनाकर हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कर उनकी नियमित पूजा-करना करती हैं.

## आईजी ने नशे के खिलाफ थाना प्रभारियों की लगाई क्लास

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,11 जनवरी।** पुलिस महानिरीक्षक जिला रायपुर आर.एल. डांगी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों की बैठक ली. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस बैठक में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने शहर के 3 से 4 बदमाशों को जिला बदर करने का निर्देश दिया है इसके अलावा नशे के खिलाफ कम कार्रवाई करने वाले राजधानी के कुछ थाना प्रभारियों की जमकर क्लास भी ली है, जिनमे अभनपुर, तिल्दा, आरंग, कोतवाली सब डिवीजन और थाना पंडरी सहित कुछ अन्य थाने शामिल हैं.



बैठक में पुलिस महानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा नशे के पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने और किसी भी सूरत में किसी प्रकार का कोई भी नशे का सामान नहीं बिकने के निर्देश दिए गए. साथ ही नशे के सामग्रियों को पकड़ने के दौरान उसके अंतिम सप्लाई चैन और आरोपियों की तस्दीक करने भी कहा गया. अवैध रूप से शराब की बिक्री, भण्डारण और परिवहन करने वालों पर कार्रवाई कर इसे भी पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा गया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक दिन की शाम को राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना प्रभारियों को अपने-अपने अनुभाग एवं थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग कर विजिबल पुलिसिंग कर संदिग्ध व असमाजिक तत्वों की चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया. जेल से रिहा होने वाले अपराधियों पर निगाह रखने और समय-समय पर उनकी चेकिंग करने कहा गया है, ताकि वे पुनः किसी प्रकार की अपराधों को अंजाम न दे सकें. इसके साथ ही नवीन कार्यप्रणाली तैयार कर अपराधों पर अंकुश लगाने व बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए गए.

## पड़ोसी राज्य का धान खपा रहा सरपंच पकड़ाया

**कवर्धा,11 जनवरी।** पड़ोसी राज्यों से सस्ती कीमत पर धान खरीदकर प्रदेश में खपाने की बिचौलियों की कोशिश को एक बार फिर जिला प्रशासन ने नाकाम किया है. कवर्धा ब्लॉक के भागूटोला सरपंच को 171 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते पकड़ा है. प्रदेश में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के साथ ही बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं, जो पड़ोसी राज्यों से सस्ती कीमत पर धान लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने का काम करते हैं. इसे रोकने जिला प्रशासन पड़ोसी राज्य की सीमा पर चेकपोस्ट



लगाकर निगरानी कर रहा है. कबीरधाम जिला के मध्यप्रदेश सीमा से सटे होने के चलते यहां बिचौलिए ज्यादा सक्रिय हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए समय-समय पर कार्रवाई की जाती है. इस कड़ी में जिला प्रशासन ने कवर्धा ब्लॉक के भागूटोला सरपंच को 171 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते पकड़ा है. आरोपी सरपंच अपनी ट्रेक्टर में 51 कट्टा और 407 वाहन में 120 कट्टा धान को सोसायटी में खपाने के लिए ले जा रहा था. खाद्य अधिकारी व कवर्धा तहसीलदार ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर दोनों वाहन को पकड़ा, और धान की जब्ती पंचनामा बनाकर कृषि उपज मंडी को सौंप दिया है. बताया जा रहा कि भागूटोला सरपंच अपने कृषि केंद्र की आड़ में अवैध धान कम कीमत में खरीद कर जनप्रतिनिधि होने का धौंस दिखाकर सोसायटी में बेच रहा था. मुखबिर ने प्रशासन को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंच कर सभी धान को जब्त कर लिया है.



**रायपुर,11 जनवरी।** प्रकृति की ओर सोसायटी के बैनर तले गांधी-नेहरू उद्यान में आगामी 13 जनवरी से पुष्प,फल तथा सब्जी प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है।



**गुजरात।** जैसे ही अयोध्या के लिए पहली उड़ान अहमदाबाद से रवाना हुई, यात्री भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की पोशाक पहनकर हवाई अड्डे पर पहुंचे. वीडियो में लोग श्री राम, हनुमान की पोशाक पहने नजर आ रहे हैं.

## 15 जनवरी से 15 फरवरी तक छत्तीसगढ़ में किया जाएगा सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक नागरिकों और सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौतियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह 2024 आयोजित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा माह के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, परिवहन, पुलिस विभाग, एन.सी.सी, एन.एस.एस., स्काउट गाइड्स एवं स्वयंसेवी और समाजसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न संबंधित विभागों के समन्वय और सहयोग से सड़क उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से वाहन चालकों, विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमीनार, नेत्र जांच शिविर सहित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसके साथ ही लोगों के बीच सड़क सुरक्षा की समस्याओं तथा समाधान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह जागरूकता अभियान सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के साथ जनजागरूकता हेलमेट रैली, सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, ऑटो वाहन चालकों का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, आंखों के जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्कूल दिवस आयोजित किया जाएगा। स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन, निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।इसके साथ ई रिक्शा वाहन चालकों का प्रशिक्षण, बस वाहन चालकों का प्रशिक्षण, गणतंत्र दिवस समारोह में सड़क सुरक्षा पर झांकी एवं बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, एम्बुलेंस ड्रायविंग ट्रेनिग, वाहनों का फिटनेस, रेडियम स्ट्रिप्स आदि जांच संधारण, शराब सेवन कर वाहन चालन से होने वाले नुकसान पर रैली आयोजित की जाएगी।

**भारत में 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन की ओर अग्रसर होते हम**

jasclaudius@gmail.com

## मोदी का खेलों में भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आमतौर पर राजनैतिक नेताओं की हर बात पर या उनके सपनों/संकल्प का भरोसा नहीं किया जाता है। कम से कम भारत के राजनीतिक परिदृश्य में यह धारणा तथ्य उभरकर आया है। 2014 के बाद से हमारे देश में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आते ही खेलकूद के क्षेत्र में उनके विचार से उनसे कुछ अलग विचारधारा के लोग इसी भ्रम में जी रहे थे परंतु प्रधानमंत्री ने ऐसी सोच रखने वालों खेल क्षेत्र के बुद्धिजीवियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के करीब 66 वर्ष बाद भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक गठबंधन की सरकार मई 2014 में जैसे ही सत्ता पर काबिज हुई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को खेलों की दुनिया में उनकी प्रतिभा का अनुमान लगाते हुए विश्वगुरु के काबिल कहना शुरू किया। तथा कथित आलोचकों ने इसे कपोलकल्पित सोच साबित करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री के विचारों से असहमति रखने वालों को जैसे-जैसे समय बढ़ता जा रहा है कुछ न कुछ पश्चाताप हो रहा होगा। टोक्यो ओलंपिक 2020 में हमारे जांबाज खिलाड़ियों ने एक ही ओलंपिक में सर्वाधिक सात पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया जबकि 19वें एशियाई खेलों में पदकों की संख्या पहली बार 100 से पार होकर 107 तक पहुंच गई। और भारत चौथे स्थान पर रहा। इसके अलावा पैरा एशियाई खेलों में भारत के महान खिलाड़यों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत तथा 51 कांस्य सहित 111 मेडल झटक लिये। इसी तरह राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय प्रतिभागियों ने 61 मेडल जीते। इतना सब विवरण देने का आशय यह है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व करने के बाद वह दिन लद गये जब राजनैतिक नेता बोलते तो बहुत कुछ थे परंतु उस पर अमल नहीं करते थे। हमारे प्रधानमंत्री ने भारत में एक नई परंपरा को आरंभ किया जब आप बोलते हैं या सोचते हैं तो उस दिशा में प्रयास आरंभ कर देना चाहिए। सफलता आज नहीं तो कल आपके कदम चूमेगी। प्रधानमंत्री ने खेलों में भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना देखा। यह हमारे देश के युवाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाने का संकेत था और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में खेलकूद की स्थिति का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि भारत बड़ी तेजी के साथ खेलों के संसार में तहलका मचाने की स्थिति में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने 2016-17 में जिस खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की उससे हमारे देश के जमीनी स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन की शुरुआत हुई। इन्ही खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में उतारकर उनकी योग्यता को जांच गया और आज देखिए हमारा देश खेल जगत में अपनी छाप छोड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का अभी अंत नहीं हुआ है और अब उन्होंने 2036 के ओलंपिक खेलों को गुजरात में आयोजित करने के प्रयास तेज कर दिये हैं। आगामी दिनों पेरिस में 2024 के ओलंपिक खेल सम्पन्न होंगे तब भारत के खेल प्रतिभागियों का एक बार फिर से परीक्षण होगा। इस बार इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) ने दहाई अंक तक याने कम से कम 10 पदक जीतने का लक्ष्य रखा है वह हमारे देश के खिलाड़ियों के लिए चुनौती है। एक तरफ प्रधानमंत्री के प्रयास तथा बजट प्रावधान से खेलकूद में भारत की विश्वस्तरीय चमक बढ़ी है दूसरी तरफ हमारे देश में उच्च स्तरीय आधुनिक प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश जारी है। समय आ गया है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने/संकल्प को लेकर खेल के क्षेत्र में पूर्व करने के लिए खेल से जुड़े सभी लोग सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहे।

## पिता की फैक्ट्री के बॉयलर में मिली बेटे की लाश

**बैतूल,11 जनवरी।** बैतूल में पिता की फैक्ट्री के बॉयलर में बेटे की लाश मिली है. बेटा रविवार की शाम से लापता था जिसकी परिवार और पुलिस तलाश कर रही थी. राइस मिल में लाश मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दी घटना की जांच की जा रही है . बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के धनोरा गांव के पास स्थित राइस मिल में मंगलवार को तन्मय नाम के बच्चे की लाश मिली थी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश का पंचनामा कर उसका पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया . सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला 14 साल का तन्मय साहू राइस मिल के संचालक पुष्पेंद्र साहू का बेटा था. तन्मय रविवार की शाम से लापता था जिसकी गुमशुदगी बैतूल बाजार पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी. परिवार और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे . मंगलवार की सुबह जब राइस मिल के ऑपरेटर दीपक मशीन चालू करने वाले थे, उसी दौरान उन्होंने बॉयलर चेक किया तो उन्हें तन्मय साहू की जैकेट दिखाई दी. इसके बाद उन्होंने सभी मशीनें बंद करवाई और इसकी जानकारी देकर सभी को बुलाया. बॉयलर के अंदर देखा तो चावल के नीचे तन्मय की लाश दबी हुई थी. तत्काल लाश निकली गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई . घटना को लेकर पुलिस प्रथम दृष्टया इसे एक्सीडेंट मान रही है और जांच के बाद जो तथ्य आएंगे उससे घटना स्पष्ट हो पाएगी. शुरुआत की पूछताछ में राइस मिल के कर्मचारियों का भी कहना है कि तन्मय अपने पिता के साथ मिल पर आता था और यहां खेलता था. रविवार की शाम को आखिरी बार देखा गया था.

संपादकीय

# कुछ नया करने का होता है ज्यादा असर

हर क्षेत्र में कुछ नया करने वाले लोग भी होते है और पुराने को भरोसेमंद मानकर चलने वाले लोग भी होते हैं। दोनों क्षेत्र में ऐसे लोग भी होते हैं जो पुराने व नए को मिलाकर कुछ नया करने की कोशिश करते हैं। पुराने से भरोसा बना रहता है और नए का पुराने से कुछ ज्यादा असर होता है। पीएम मोदी देश के ऐसे नेता है जो पुराने में कुछ नया करने की कोशिश करते हैं और इसीलिए वह दूसरे नेताओं की तुलना में जनता से ज्यादा जुड़ पाते है, अपनी पार्टी को जोड़ पाते हैं। जनता की बात जितनी आसानी से समझते हैं, उतनी ही आसानी से वह जनता को अपनी बात समझा पाते हैं। वह ऐसा किसी खास समय में नहीं करते हैं, यह उनका रोज का काम रहता है, वह निरंतर रोज जनता से जुड़े रहते हैं और जनता को एहसास दिलाते रहते हैं कि वह जनता से उतने ही जुड़े हुए हैं जितनी जनता उनसे जुड़ी हुई है। राजनीति में जनता से जुड़ने का पुराना पंरपारगत तरीका यात्रा करना, मीडिया का उपयोग करना, सभा को संबोधित करना। यह सब तो पीएम मोदी करते ही हैं. वह नई तकनीक का इस्तेमाल कर कुछ नया भी करते हैं जो दूसरे नेता सोच नहीं पाते हैं, कर नहीं पाते हैं। पीएम मोदी दूसरे नेताओं की तरह पार्टी पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहते हैं किसी योजना के बारे में जानना है तो वह इस बात का इंतजार नहीं करते हैं कि पार्टी उन्हें बताएगी। किसी योजना के बारे में जानना है या किसी नेता के बार में जानना है, किसी मंत्री का परफारमेंस के बारे में जानना है तो पीएम मोदी ने इसके लिए अपनी व्यवस्था बना रखी है। उन्हें कांकेर जिले के मनकेसरी गांव में विकसित भारत संकप्ल यात्रा के आयोजित शिविर में स्वसहायता समूह की भूमिका आर्य से बात की तथा यह जानने का प्रयास किया कि उनके गांव तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। योजना का लाभ मिलने में कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी जानने का प्रयास किया कि गांव में क्या नया हो रहा है, महिलाएं क्या नया कर रही हैं। जब भूमिका ने उन्हें बताया कि वह लोग महुआ का दूसरा उपयोग कर रहे हैं, महुआ का लड्डू बनाकर 700 रुपए किलो बेच रहे हैं तो पीएम मोदी बहुत खुश हुए। वह खुद भी नया करते रहते हैं तथा कोई कुछ नया करता है तो उसको प्रोत्साहित करते हैं। पीएमम मोदी दूसरे पीएम से इस मायने्में अलग हैं कि वह अपनी बनाई योजनाओं के बारे में रोज जानने को उत्सुक रहते हैं। पार्टी के तौर पर तो वह चाहते ही हैं कि नेता व कार्यकर्ता केंद्र की योजनाओं को लाभ गांव के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।ऐसा कहकर वह संतुष्ट नहीं हो जाते है कि चलो योजनाओं को देखने का काम पार्टी के लोग तो कर रहे हैं, उन्हें कुछ करने की जरूरत नहीं है। पार्टी से तो वह अपेक्षा करते हीं कि वह जनता के बीच जाए, लोगों से जुड़ी रहें, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो पूछे तथा नहीं मिल रहा है तो दिलाए। इसके बाद पीएम खुद भी कभी भी किसी भी गांव के लोगों से संपर्क कर पूछते हैं। कहीं दौरे पर जाते हैं तो लोगों से पूछते हैं कि योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। हाल ही में अयोध्या गए थे तो वहां पता चला कि यहां उज्जवला गैस की दस करोडवां गैस कनेक्शन मांझी परिवार को मिला है तो वह उस परिवार से मिलने गए। यह पीएम मोदी ही सोच सकते हैं,पीएम मोदी ही कर सकते हैं कि किसी योजना का लाभ दस करोडवे परिवार को मिला है तो उससे मिला जाए। पीएम मोदी परिवार से मिलने गए तो देश के तमाम परिवारों में यह संदेश गया कि पीएम मोदी चाहते है कि सभी परिवारों को जरूरी सुविधाएं मिलें। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर 14 जनवरी को निकलने वाले हैं लेकिन पीएम मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बनाकर गांव गांव में भेजना शुरू कर दिया है. रोज देश के कई राज्यों के गांवों तक विकसित यात्रा के जरिए भाजपा व मोदी पहुंच रहे हैं। लोगों से जानकारी ले रहे हैं कि योजनाओं का लाभ मिल रहा या नहीं, नहीं मिल रहा है तो आयोजित शिविर में दिलाया जाता है। भाजपा व पीएम मोदी की कोशिश है कि केंद्र सरकार की जितनी भी योजनाएं है, उसकी किसी न किसी योजना का लाभ हर परिवार को मिले। ऐसा करके पीएम मोदी ने देश में एक बड़ा लाभार्थी वर्ग बनाया है। यही वर्ग उनकी ताकत हैं। वह इस ताकत को हर साल बढ़ाते जाते हैं, यही वजह वह पार्टी व अपनी जीत के प्रति आश्वस्त रहते हैं। चुनाव में जीत मेहनत से मिलती है और जो निरंतर रोज मेहनेत करता है उसे जीतने में आसानी होती है।

# विकास या विनाश युवा शक्ति पर निर्भर

**राष्ट्रीय युवा दिवस विशेष-12 जनवरी**

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



युवा शक्ति शब्द सुनते ही हमारे सोच-विचारो में जो छवि उभरकर आती है वह होती है, वर्तमान में देश-दुनिया और आस-पड़ोस में घटित घटनाओं में युवाओं की सहभागिता एवं उसका समाज पर बढ़ता प्रभाव, यह हमें दर्शाता है कि युवाशक्ति किस दिशा की ओर अग्रसर है। जन्म से बच्चों की उचित देखभाल, संस्कारशील व्यवहार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शुद्ध आचरण से ही युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा शक्ति का संचार होता है तथा प्रशासन द्वारा उन्हें शिक्षा अनुरुप रोजगार, व्यवसाय के बेहतर मौके मिल सके, इसके लिए उपाय-योजना बनाना एक अच्छी सरकार का लक्ष्य होता है, तभी देश की युवा शक्ति खुद को सक्षम साबित कर देश को विश्वशक्ति बनाने में कारगर सिद्ध होगी, यन्यथा यही युवा शक्ति असुविधा, समस्याओं और संघर्ष के वजह से देश में विनाश का कारण भी सिद्ध हो सकती है। हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द जी के जयंती के उपलक्ष पर संपूर्ण देश में मनाया जाता है। युवाशक्ति में वह ताकत होती है, जो असंभव को संभव बना सकती है, सिर्फउन्हें योग्य दिशा मिलनी चाहिए। युवाओं के शिक्षा और कला-गुणों पर ही उनका पूरा करियर और भविष्य निर्भर होता है, एक वर्ष की क्षति भी उन्हें जिंदगी में पीछे धकेल देती है, प्रतिस्पर्धा बढ़ती जाती है एवं जीवन संघर्ष अधिक तेज होता जाता है। प्रत्येक युवा में कुछ सपने होते हैं, और उन सपनों को पूरा करने की जिद्द और मेहनत ही उन्हें सफ्ल बनाती है, परंतु सफ्लता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, यह युवाओं को समझना होगा। शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, हर जगह शिफ्रारस, राजनीतिक हस्तक्षेप, अपराध का बढ़ता ग्राफ् नशाखोरी, धोखधड़ी, नैसर्गिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, मिलावटखोरी, सोशल मीडिया की लत, दुर्व्यवहार, संस्कारहीन आचरण, अश्लील-अभद्र भाषा प्रयोग, स्वार्थवृत्ति ने जीवन संघर्षमय कर दिया है। बेरोजगारी का देश में ये आलम है कि बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित युवा भी चपरासी बनने के लिए संघर्ष करता नजर आता है। हर साल बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्ग सेवानिवृत्त होते हैं, परंतु कई विभागों में दशकों तक नई भर्तियां होते हुए नजर नहीं आती और दूसरी ओर हर साल शिक्षा जरूर महंगी होती जाती है। सामाजिक समस्याओं, बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, पर्यावरण का विनाश होने के कारण प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे हर साल बड़ी संख्या में जान-माल की क्षति होकर देश को अरबों डॉलर का नुकसान होता है।

अभिभावक बच्चों के सामने बुजुर्गों से अमानवीय व्यवहार करते है, और अपने बच्चों से खुद के लिए आदर्श व्यवहार की कामना करते है। बच्चों को बेहतर पोषक वातावरण देना अभिभावक का परम कर्तव्य है और युवा शक्ति को बेहतर जीवन के लिए आवश्यक मौके देना सरकार का काम है, देश के सर्वांगीण विकास के लिए यह बहुत जरूरी है। आज देश में कुछ मुद्दे नए विषय को जन्म दे रहे हैं, जैसे- हर धर्म हमें शांति, एकता, मानवता का संदेश देता है, फ्रि लोगो के दिलो में लोभ, द्वेष, और बार-बार समाज में मानवता शर्मसार क्यों हो रही है? युवाओं में अपराध वृत्ति क्यों बढ़ रही है? लोग पढ़े-लिखे जागरूक है तो धोखाधड़ी, अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? छोटी-छोटी बात पर आपा खोकर अनुचित कदम क्यों उठाते है? अभिभावक बच्चों की खूब तारीफ करते हैं, उन्हें बेहतर सुख-सुविधा दे रहे हैं, तो फ्रि समाज में संस्कारों की होली क्यों जल रही है? अगर हम बच्चों को अच्छे और स्वादिष्ट आहार दे रहे हैं, अच्छी परवरिश दे रहे है तो बच्चे बीमार और कमजोर क्यों हो रहे हैं? सोशल मीडिया और नशे के आदी क्यों हो रहे हैं? वर्तमान में युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य समस्या और आत्महत्या का प्रमाण काफ्री बढ़ा है, जिसके लिए वर्तमान प्रणाली, वातावरण दोषी है।



जिस देश की युवा शक्ति को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और रोजगार के बेहतर विकल्प मौजूद है, विश्व में वही देश विकसित हुए है। हमारे देश में आज भी बड़े पैमाने पर पलायन का दौर चल ही रहा है, गांव के लोग शहर में जाते हैं, शहर के लोग महानगरों में जाते हैं और महानगर के लोग विदेश में बेहतर विकल्प की तलाश में जाते हैं। देश में केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा अनुरूप रोजगार या बेहतर जीवन के लिए आवश्यक धनोपार्जन के मौके सबको मुफ्त मिलनी चाहिए, इसके अलावा कुछ भी मुफ्त न मिले तो भी युवाशक्ति आत्मनिर्भर बनकर अपनी क्षमता के दम पर हर चीज, हर मुकाम हासिल कर सकती है। आजकल अगर पढ़-लिखकर उचित योग्यता अनुसार काम ना मिले तो सपने चकनाचूर हो जाते हैं, और यह सपने सिर्फ उन युवाओं के ही नहीं, बल्कि उससे जुड़े हर व्यक्ति के एव उस परिवार के सपने टूटते हैं, तब इतने बरसों की शिक्षा पर भी सवाल खड़े होते हैं कि, क्या शिक्षा, मेहनत, पैसा और समय गवाकर हमने गलत कर दिया है? काबिल युवा होकर भी हमारा भविष्य अगर अंधकारमय नजर आने लगे तो फ्रि उच्च शिक्षा का क्या महत्व है? देश में हर साल, हर राज्य से लाखो युवा कला, वाणिज्य, विज्ञान, अभियांत्रिकी, प्रबंधन जैसे हर विषय क्षेत्र की पदवी प्राप्त कर काम के लिए बाहर निकलते हैं, लेकिन उनमें से कितने युवा अपने कैरियर के लक्ष्य को हासिल कर पाते हैं? सरकारी भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर बेरोजगार युवाओं से अत्यधिक आवेदन शुल्क भी बहुत बड़ी समस्या बन गई है, जिस देश में 80 करोड़ से ज्यादातर गरीब आबादी को अनाज मुफ्त बांटा जाता है, वहां बड़ी मुश्किल से भरण पोषण करने वाले सामान्य परिवार के युवाओं के लिए हर बार यह शुल्क जुटाना बहुत बड़ी कठिनाई बनकर उभरती हैं, जिसके कारण कई प्रतिभावान युवा प्रतियोगी परीक्षा के लिए आवेदन भी नहीं कर पाते है। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार के अनेक विभाग की पद भर्ती हेतु विज्ञापन में आरक्षित वर्ग के लिए 900 रुपये आवेदन शुल्क तो ओपन वर्ग के लिए 1000 रूपए शुल्क रखा जाता है, जिससे हर बार राज्य सरकार के पास सैकड़ो करोड़ की रकम जमा होती है। सरकार ने गरीब बेरोजगारों को ध्यान में रखकर इस समस्या को गंभीर रूप से देखना चाहिए। नशा, अपराध और झूठा दिखावा इंसान को बर्बाद कर देता है, ऊपर से आजकल का फैशन और सोशल मीडिया की लत ने जीवन वैसे ही खराब कर रखा है, आज अधिकतर युवाओं के रोल मॉडल रील लाइफके लोग हैं, जबकि उनके आदर्श देश पर मर-मिटने वाले जवान होने चाहिए, देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी, वैज्ञानिक होने चाहिए। जिन आदर्श समाज सुधारक और महान क्रांतिकारियों ने हमें आजादी दिलाई, मानवता और देश को बचाएं रखा, आज उन्हें हम बस जयंती या पुण्यतिथि के दिन कुछ पल के लिए याद करते है। जबकि युवाओं ने महान शख्सियतों के जीवन कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हर पल, हर वक्त युवाओं ने अपने आपको बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए, जिंदगी में कामयाब होने के लिए संघर्ष करते रहना चाहिए, हमारा व्यवहार कभी भी किसी अन्य के दुःख का कारण न बने यह ध्यान रख कर आगे बढ़ना है। सरकार ने युवा शक्ति को ध्यान में रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के उपाय-योजनाओं को लागू करना चाहिए। हर साल, हर क्षेत्र में लगातार भर्तियां, साथ ही गांव, दुर्गम क्षेत्र, हर ओर नवनवीन प्रशिक्षण केंद्र की उपलब्धता समय की मांग है। सिफ्रारिश, राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार पर पूर्णतः अंकुश होना ही चाहिए, ताकि देश की युवा पीढ़ी बेहतर कल का निर्माण कर देश को प्रगति पथ पर ले जा सके और तभी राष्ट्रहित में युवा शक्ति का बेहतर सहभाग साबित होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में यदि कोई महत्वाकांक्षी योजना बनाई है, कल पूरी हो सकती है, इसके साथ ही आप एक बहुत इंपॉर्टेंट मीटिंग में भी शामिल हो सकते हैं. आपका कैरियर बहुत अच्छा रहेगा और आपको बहुत अधिक खुशी मिलेगी. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल व्यापारियों के कुछ लोगों से नए संबंध स्थापित हो सकते हैं, इसको लेकर आप कल काफी व्यस्त भी होंगे. युवा जातकों की बात करें .

वृषभ राशि- कल आप अपना कार्य समय से पूरा कर सकेंगे तथा अपने उद्देश्य को भी प्राप्त करने में सफल रहेंगे. कल आप अपने दफ्तर के किसी भी विवादित मामले से थोड़ा सा दूर रहे अन्यथा, आप भी उस मामले में फंस सकते हैं. आप कोर्ट कचहरी के मामले में भी फस सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो रियल एस्टेट से जुड़े हुए लोगों में कल का तनाव देखने को मिल सकता है. फैशन से जुड़े हुए व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. कल आपकी कपड़ों की बिक्री बहुत अधिक हो सकती है.

मिथुन राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका आपके दफ्तर में दिन सामान्य रहने वाला है. कल आप ऑफिस के कार्यों में थोड़ा सा सावधान रहे, ऑफिस की कोई भी जरूरी बात किसी बाहरी व्यक्ति के साथ में शेयर ना करें,अन्यथा आप किसी परेशानी में फंस सकते हैं और आपको आपके बड़े अधिकारियों से डांट खानी पड़ सकती हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए त्योहार पर नयी योजनाएं ला सकते हैं.

कर्क राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपका कोई कार्य फस गया है तो आप इसमें दूसरों की राय भी ले सकते हैं. आप राय लेने में किसी प्रकार की देरी ना करें, कल आपको आपके ऑफिस में बहुत सारे कार्य करने पड़ सकते हैं. नौकरी करने व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आप विदेशी कंपनियों से थोड़ा सा दूर रहे अन्यथा, आपका पैसा विदेशी कंपनियों के साथ कार्य करने से आपका व्यापार डूब सकता है. आप बहुत ही सोच समझ कर पैसा लगाय. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक किसी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मन लगाकर मेहनत करेंगे तो आपको कामयाबी अवश्य मिलेगी.

सिंह राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने ऑफिस में इधर-उधर की फालतू की बातों में रहकर अपना कीमती समय बर्बाद ना करें. समय की कीमतों को समझें और अपने बॉस के कहे अनुसार ही कार्य करें अन्यथा, आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो मेडिकल फील्ड से जुड़े हुए लोगों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. कल अच्छा आर्थिक लाभ कमा सकते हैं, लेकिन इस काम के लिए उन्हें बहुत अधिक एक्टिव भी रहना होगा. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक कल किसी भी बात पर अधिक क्रोध न करें,

कन्या राशि- नौकरी करने वाले जातको की बात करे तो डॉक्टरी पेशे से जुड़े हुए लोगों को प्रमार्थ भाव के साथ लोगों का इलाज करना चाहिए जिसमें आप किसी भी मरीज से कोई पैसा ना ले, आप हफ्ते में एक दिन ऐसा कर सकते हैं, सिर्फ पैसे के बारे में ही नहीं सोचना चाहिए. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो इलेक्ट्रॉनिक सामान के व्यापारी कल अच्छा लाभ कमा सकते हैं. यदि आप किसी प्रकार का कोई नया व्यापार खोलना चाहते हैं तो आप एक बार अपने प्लान को फिर से चेक कर ले. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों में क्रोध व तनाव के कारण थोड़ी सी थकान हो सकती है.

तुला राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में अपने अधिकारियों की बातों को ध्यान से सुनी तथा उन पर अमल भी करने का प्रयास करें, उनकी बातों के दौरान आप बीच में कोई टोका टोकी ना करें अन्यथा, आपको आपके अधिकारियों से डांट भी पड सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो हार्डवेयर का व्यापार करने वाले जातकों को कल कोई बड़ा नुकसान होने की आशंका है इसलिए व्यापारी जो भी सौदे करें बहुत ही अधिक सोच समझकर करें.

वृश्चिक राशि- कल का दिन थोड़ा सावधानी से रहने वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग सरकारी विभागों में कार्य करते हैं, उन्हें कल अपने कार्य को लेकर बहुत अधिक सावधान रहना होगा अन्यथा, किसी बड़े अधिकारी की रेड आपके दफ्तर में पड सकती है और आपकी नौकरी पर आच आ सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी कल ग्राहकों की मांग को पूरा करने का पूरा ध्यान रखेंगे, वह जिस माल की भी डिमांड कर रहे हैं उसका स्टॉक अवश्य रखें जिससे आपके माल की बिक्री बहुत अधिक हो सके.

धनु राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो मैनेजमेंट से संबंधित नौकरी करने वाले जातकों को कल कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है. कल आपको आपके दफ्तर की कोई बड़ी मीटिंग भी अटेंड करनी पड़ सकती है. आप अच्छे से तैयारी करके जाएं, आपकी मीटिंग अच्छी रहेगी. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. खुदरा व्यापार करने वाले व्यापारियों को कल अच्छा मुनाफा मिल सकता है, जबकि अन्य व्यापारियों के लिए कल का दिन सामान्य गति से आगे बढ़ेगा. युवा जातको की बात करें तो युवा जातकों को अपना आत्मविश्वास बहुत अधिक बढ़ा कर रखना चाहिए, परंतु ओवर कॉन्फिडेंस से बचना चाहिए.

मकर राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर के सभी तरह के दस्तावेजों को बहुत अधिक मजबूती के साथ रखें तथा किसी महत्वपूर्ण कार्य से यदि आपका ध्यान भटक गया है तो आप फिर से उस कार्य को करने में अपना मन लगाए रखें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को अपने कार्य में एक नई गति प्राप्त होगी, जिसको लेकर आपके मन में बहुत अधिक प्रसन्नता होगी, क्योंकि कारोबार की वृद्धि से आपका मन बहुत अधिक खुश रहेगा. कल आपका आपके मित्रों के साथ बहुत अच्छा समय बीतेगा.

कुंभ राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपने पुरानी नौकरी छोड़ दी है तो आपको कल नई नौकरी मिलने के आसार नजर आ रहे हैं. आप अपने सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें तथा उनके साथ मिलकर आप अपने नए दफ्तर के कार्यों को समझने का प्रयास करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि कारोबारी ने कोई डील साइन की है तो आप डील की विश्वसनीयता की जाँच कर ले, तभी डील के बारे में कदम उठाए.

मीन राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करे हैं तो कल आप अपने बॉस की कार्यशैली और गुणों से बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे तथा आप अपने बॉस की नकल करने की कोशिश कर सकते हैं और आप उन्हें प्रसन्न करने की भी पूरी कोशिश करेंगे. लेखन कला से जुड़े हुए जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा, वह अपने लिए अच्छे नए अवसर की तलाश करेंगे. आपको कामयाबी अवश्य मिलेगी. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें.

# मोबाइल तो मोबाइल है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

मोबाइल तो मोबाइल है भैया। किसी किसी के लिए इस काम की तो किसी किसी के लिए उस काम की चीज है। मुश्किल तो रामधारी के बेटे टिंकू के नन्हें हाथों से हैं, जिसे महाप्रभु कोरोना जी की कृपा से मोबाइल को न केवल स्पर्श करने का मौका मिला, बल्कि ऑनलाइन क्लासेस के बहाने चिट-चैटर, यूट्यूबर, व्हाट्सपर, फेसबुकर, गेमर और कुछ संदर्भों में अडल्टर बनने का भरपूर अवसर मिला। इतनी खुशी तो उसे अपने जन्म के समय भी नहीं हुई। रामधारी ठहरे एकदम कोरे निरक्षर। स्मार्ट बनना तो दूर स्मार्ट की स्पेलिंग से भी उनका दूर-दूर तक पाला नहीं पड़ा था। पड़े भी कैसे? घर में टीवी चैनल सारे हिंदू-मुस्लिम, जादू-टोना, निंबू-मिर्ची करने में अपना सिर खपा रहे थे। यदि कोई चैनल गलती से स्मार्ट बनने की कोशिश करता तो दो हजार और पाँच सौ की नोटों में से चिप निकालने बैठ जाता। एक तरह से कह दें तो रामधारी की स्मार्टियत जन्म लेने से पहले ही भ्रूणहत्या का शिकार हो गयी। इसका मतलब यह नहीं कि उनके पास मोबाइल नहीं है। है लेकिन उतना ही जितना कि हरा बटन दबाने पर जवाब दे सके और खतरा लगने पर लाल बटन दबाकर सामने वाले या फिर खुद का गला दबाने में काम आ सके। इधर ऑनलाइन क्लासों ने मानो रामधारी जैसों के लिए सीरियाई फरमान जारी कर दिया कि यदि बच्चे को स्मार्ट फोन नहीं दिलाओगे तो समझो तुम्हारी खैर नहीं। वह तो भला हो चीनी कंपनियों का, जो जिंदगी से सस्ते दामों पर स्मार्टियत वाला फोन बेचते हैं। सो, भेड़चाल की भीड़ में रामधारी भी हो चले। उन्होंने भी अपने लाड़ले टिंकू का स्मार्ट फोन से आलिंगन करवा दिया। रामधारी के लिए वह एक घड़ी थी और आज एक घड़ी है, जब स्मार्ट फोन दिलवाने का पछतावा उन्हें हर समय होता रहा है। स्मार्टफोन से पहले बनावटी पितृभक्त टिंकू अब तो खुलेआम घर के सदस्यों पर मोर्चा खोल बैठा है। कुछ भी काम कहो तो कहता कि क्लास लगी है। पता चला कि महाराज ऑनलाइन क्लास के बहाने रिसेंट एप्स में अपनी सृजनात्मकता का लोहा मनवा रहे हैं। रिसेंट में सब कुछ ताजा-ताजा चीज़ें होतीं। जैसे- व्याहट्स पर चिट-चैट, फेसबुक पर लाइक-शेयर, इंस्टा पर हसीनाओं के दीदार, ऑनलाइन गेम्स में पड़ोस के मित्रू से वर्ल्ड नंबर बनने की होड़ और यूट्यूब पर अपनी फूहड़ कलाकारी की अपलोडियत का कारनामा। रामधारी के लिए साल टिंकु का 1.0 वर्जन खूब फबा, किंतु उसी टिंकु का 2.0 वर्जन उन्हें और उनके घरवालों के लिए खाना-पीना हराम कर दिया था। ऑनलाइन क्लास में टिंकु ने कुछ सीखा या नहीं सीखा यह ठीक से तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन टेढ़ी गर्दन, उभरा हुआ पेट, बदन पर चर्बी की भरमार, आँखों पर मोटा चश्मा, छोटी सी उमर में बूढ़ापे की झलक, बड़ो से बदसलूकी की झलकियाँ और घरभर के माथों पर परेशानियों के बल आसानी से देखे जा सकते थे।

## बदलते मौसम में रखे मुख एवं दांतो का ख्याल नहीं तो बढ़ेगी समस्या





बदलते मौसम के साथ मुंख व दांतो का ख्याल रखे ,नही तो समस्या बढ़ जाएगी सर्दियां के मौसम में समस्या बढ़ जाती है अधिक खान पान से दांतो मे पहुंच रही अधिकतम मात्रा में एसिड खतरे का बड़ा कारण है ऐसे में मुनासिब सोच समझ कर खाना फायदेमंद रहेगा ! सर्दियों में मासपेशियों के साथ दांतो मे दर्द व दांतो मे झनझनाहट (सेंसविटी) का खतरा बना रहता है इसके कारण लगातार संक्रमण अधिक मामले सामने आ रहे है इस मौसम में चाय काफी के साथ अन्य खाद्य पदार्थ गर्म9गर्म खाना पसंद करते है चाय काफी के साथ अन्य पेय वस्तु से दांतो मे अधिक मात्रा में एसिड पहुंच जाता है! इसके कारण समस्या बढ़ने लगती है इसके अलावा बैक्टीरिया संक्रमण होने से पस बन जाता है ! और लापरवाही में दंत हमेशा के लिए खराब हो जाता है ऐसे में खान पान पर विशेष ध्यान देने के जरूरत है। दंत हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा ही नही चेहरे की खूबसूरती के लिए भी अहम है इसको देखभाल नही करने से कैविटी सहित अन्य कई तरह के रोग होने की संभावना बन जाती है ऐसे में दांतो का नियमित देखभाल के साथ साथ समस्या होने के तुरंत बाद डेंटिस्ट की सलाह लेनी चाहिए खासतौर पर डायबिटीज रोगी और संक्रमण प्रभावित लोगो को खास ध्यान रखने की जरूरत है!

### ऐसे रखे दांतो का ख्याल

- नियमित रूप से प्रतिदिन दो बार ब्रश करे हर बार दो से तीन मिनट अच्छे से करे।
- दांतो को सड़ने से बचाने के लिए शक्कर या मीठे का सेवन अधिक न करे।
- दांतो की नियमित सफाई के साथ साथ साल में दो बार डेंटिस्ट से सलाह ले।
- दांतो मे खाना अधिक समय के लिय न फसने दे ।इसे दांतो मे सड़न ,पायरिया, एवं अन्य प्रकार रोग होते है।
- फास्ट फूड का अधिक सेवन न करे अपने डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ाए।
- एक्स्ट्रा सॉफ्ट ब्रश का उपयोग करे।

युवा दिवस

**डॉ .सूर्यकांत मिश्रा**

# भारतीय स्वाभिमान के अमर स्वर हैं : स्वामी विवेकानंद

ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं । वह हम ही हैं जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं , और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है ।

स्वामी विवेकानंद जी कहा करते थे - अपना जीवन एक लक्ष्य पर निर्धारित करो ।साथ ही अपने पूरे शरीर को उस लक्ष्य से भर दो । दिमाग में आने वाले हर दूसरे विचार को अपनी जिंदगी से निकाल दो । यही सफलता की कुंजी है । वह कहा करते थे - सच्ची सफलता और आनंद का सबसे बड़ा रहस्य यही है । वह पुरुष या स्त्री जो बदले में कुछ नहीं मांगते , पूर्ण रूप से निःस्वार्थ व्यक्ति ही सबसे सफल व्यक्ति होता है । वह युवाओं का आवाहन करते हुए कहते हैं कि- हर युवा वायु के समान होता है । जब वायु पुरवाई के रूप में धीरे-धीरे चलती है तो सबको अच्छी लगती है । सबको बर्बाद कर देने वाली आंधी किसी को भी अच्छी नहीं लगती । हमें पुरवाई का प्रयोग विज्ञान , तकनीक , शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में करना होगा । यदि हम युवा शक्ति का सकारात्मक उपयोग करेंगे तो विश्व गुरु ही नहीं , अपितु विश्व का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा के रूप में जाने जाएंगे । किसी बड़े शायर ने भी युवा शक्ति को नमन करते हुए कहा है-

युवाओं के कंधों पर युग की कहानी चलती है ,
इतिहास उधर मुड़ जाता है, जिस ओर जवानी चलती है ।

स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार हमें अंधेरे को कोसने के बजाय अप्प दीपो भवः की अवधारणा के आधार पर दीप प्रज्वलित करने की परंपरा का शुभारंभ कर देना चाहिए । उनके अनुसार युवावस्था एक बड़ी चुनौती है । वह महासागर की उताल तरंगों को फांदकर अपने उदात्त लक्ष्य का वरण कर सकती है , तो नकारात्मक ऊर्जा से संचालित व दिशाहीन होने पर अधःपतन को भी प्राप्त हो सकती है ! उसमें ऊर्जा का अनंत स्रोत है ।इसलिए उसका संयमन व उचित दिशा में संस्कार युक्त प्रवाह अति आवश्यक है । स्वामी विवेकानंद जी ने वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र भारत का मान बढ़ाया । अपने सोए हुए आत्मविश्वास को पुनः जागृत कर नवशक्ति का संचार किया । इस चराचर जगत के कण - कण में ईश्वर दर्शन करने वाले महान संत विवेकानंद जी ने भारत वासियों की खोज करते हुए कहा- -

मेरा भारत ! जागो ! और जन समूह का नेतृत्व करो ।

वर्तमान समाज सांप्रदायिकता की अग्नि में झुलसा हुआ है । किसी भी देश में अपनी सीमा के विस्तार का इंतजाम किया जा रहा है । दूसरी ओर मजहब के नाम पर जिहाद हो रहा है ! ऐसे में स्वामी विवेकानंद के संदेश ही मानवता की रक्षा करने की क्षमता रखते हैं ।

पराधीन भारत में भारतीय स्वाभिमान के अमर स्वर केवल स्वामी विवेकानंद जी ही हैं । स्वामी जी ने विचारमग्न पूर्व के प्रभाव को जिस गौरव के साथ साझा किया , वह अद्भुत है । लंदन में घटित एक घटना उनके स्वर की दृढ़ता को स्पष्ट करती है । स्वामी विवेकानंद जी लंदन में भारतीय चिंतन की गौरव गाथा अपने उद्बोधन के माध्यम से पश्चिमी जगत के समक्ष रख रहे थे । वहां के बुद्धिजीवी प्रायः स्वामी जी से बहस किया करते थे । अपनी बात को सही साबित करने के लिए वह कहा करते थे - कि यदि भारत वर्ष के पास हजारों वर्षों से ज्ञान की अमूल्य उपलब्धियां थी , तो भारत उन्हें साझा करने इंग्लैंड क्यों नहीं आया ? इस पर स्वामी जी ने अपनी सहज मुस्कान के साथ कहा- भारत तो हजारों वर्ष पूर्व अपना ज्ञान साझा करने के लिए इंग्लैंड आ जाता , किंतु मेरे मित्र ! यह तो बताओ कि हजारों वर्ष पूर्व इंग्लैंड था कहां ? जो इंग्लैंड आज है , वह हजारों वर्ष पूर्व केवल जंगल था ! जब इंग्लैंड का अस्तित्व ही नहीं था , तो भारत ज्ञान देने के लिए आता कहां ? स्वामी जी का जवाब सुनकर पश्चिम के सारे बुद्धिजीवी निरुत्तर हो गए । स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि , मनुष्य का संघर्ष जितना कठिन होगा उसकी जीत भी उतनी ही बड़ी होगी ।



स्वामी जी के विचार आज के आधुनिक युग में हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं । उन्हें हम अपने जीवन में आशा की एक नदी मान सकते हैं । उनके ओजस्वी उद्बोधन तथा प्रेरणादाई उपदेश जीवन में आगे बढ़ने एवं सफलता हासिल करने में किसी बड़े वरदान से कम नहीं हैं ! विवेकानंद जी के विचारों को ध्यानमग्न होकर पढ़ने से युवाओं के अंदर कुछ हासिल करने का माद्दा पैदा हो जाता है ! स्वामी जी का यह कथन कि - जिसके पास ताकत होती है , वह आने वाले कल में स्वर्णिम अवसर पा सकता है , आज युवाओं को आत्मसात करने की जरूरत है ।स्वामी जी का यह आवाहन उन लोगों पर असर कारक होता है जो सकारात्मक सोच के साथ लगनशील एवं परिश्रमी है । आज के प्रत्येक युवा को इसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है । स्वामी जी कहा करते थे कि , नास्तिक वह नहीं जो भगवान को नहीं मानता , वरन नास्तिक वह है , जो अपनी क्षमताओं और ताकत पर विश्वास नहीं रखता ! एक युवा जब तक अंदर से दृढ़ इच्छा शक्ति वाला नहीं होगा तब तक संदेश मात्र से न तो स्व- निर्माण होगा और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान संभव हो पाएगा ! स्वामी जी का मानना था कि युवा वर्ग अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकले ,और जो भी पाना चाहते हैं , उसके लिए सही दिशा में प्रयास करें । युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा था - संभव की सीमा जानने का एक ही तरीका है , असंभव से भी आगे निकल जाना उनका मानना था कि हम जो भी हैं अपनी सोच की वजह से है । इसलिए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप क्या सोचते हैं । शब्द गौण है , विचार ही है जो दूर तक यात्रा करते हैं । भारतवर्ष युवाओं का राष्ट्र है । भारतवर्ष का भविष्य युवा वर्ग पर ही निर्भर करता है । आज हमें यह चिंतन करना है कि यदि हम स्वामी जी के विचारों एवं आदर्शों को सही रूप में अपनाना चाहते हैं , अनुसरण करना चाहते हैं , तो हमें उनकी सोच को आत्मसात करना ही होगा । यह निश्चित है कि स्वामी जी की सोच और उनके विचार हमारे देश में ग्लोबल लीडर्स की फौज खड़ी कर सकते हैं ! हमारी यही ताकत भारतवर्ष को समृद्धशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित कर दिखाएगी !

## एक नजर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 11 जनवरी।** जिले में संचालित मान्यता प्राप्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि वे पोस्टमैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट पर शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा से मिली जानकारी अनुसार आवेदन की ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने हेतु अंतिम तिथि 25 जनवरी 2024 तक और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु अंतिम सूची 10 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास सुकमा कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

### कोयलीबेड़ा में पेंशन समाधान शिविर का हुआ आयोजन

**कांकेर, 11 जनवरी ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज उप कोषालय कार्यालय कोयलीबेड़ा में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें नॉमिनी द्वारा ओपीएस विकल्प प्रस्तुत किया गया था, जिसका प्रकरण तैयार करने संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा जिला कोषालय प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बीईओ कोयलीबेड़ा के एक प्रकरण में जीपीएफ फाइनल पेमेंट में ऋणात्मक शेष संबंधित समस्या का निवारण पश्चात् कोषालय मे बिल प्रस्तुत करने कहा गया है। बीईओ अंतर्गत एक सेवानिवृत्त कर्मचारी का अपने बच्चों के साथ संयुक्त खाता होने के कारण प्रकरण तैयार नहीं किया गया था जिसका खाता पृथक कर प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

### 15 जनवरी को कमारो से प्रधानमंत्री होंगे रूबरू

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** पी एम-जनमन योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर को समाप्त कर पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों, परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। जिस हेतु मंत्रालयों/विभागों की मौजूदा योजनाओं के साथ 11 बिन्दुओं को शामिल किया गया है। जिस हेतु जिला-गरियाबंद अंतर्गत 199 बसाहटों को चिन्हांकित कर पीएम-जनमन योजनांतर्गत प्रत्येक पीवीटीजी बसाहटों में सभी शासकीय विभागों के द्वारा प्रधानमंत्री के मंशा अनुरूप प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, पीएम-किसान सम्मान निधि, पीएम-आवास, हर घर नल, विद्युतीकरण, सड़क, वन अधिकार पट्टा, पीएम-मातृत्व वंदना योजना, पीएम-कौशल विकास योजना, पीएम-विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पीएम-जनमन योजनांतर्गत दिनांक 15 जनवरी को गरियाबंद जिला अंतर्गत विकासखण्ड-छुरा के ग्राम-पोंड में मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें प्रधानमंत्री के द्वारा कमार समुदाय से सीधे वार्तालाप किया जावेगा।

### भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मदिरालय बंद रहेंगे

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, गरियाबंद (छ.ग.), छत्तीसगढ शासन वाणिज्यिक कर एवं आबकारी विभाग मंत्रालय परिपालन में जन आस्था के दृष्टिगत 22 जनवरी सोमवार अयोध्या श्रीराम मंदिरा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें तथा मद्य भाण्डागार को पूर्णतः बंद रखने हेतु छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुष्क दिवस घोषत किया गया है।

उक्त शुष्क दिवस में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाएगा। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाये और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जायेगा।

### 26 और 30 जनवरी को देशी विदेशी मदिरालय रहेंगे बंद, शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** आबकारी आयुक्त द्वारा 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किये जाने के फलस्वरूप उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें तथा मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेंगे। उक्त शुष्क दिवस में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, कय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाये और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।उक्त निर्देशों का कडाई से पालन किया जायेगा।

### प्राकृतिक आपदा पर चार लाख स्वीकृत

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजिम एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, के आदेशानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानानुसार मृतक हुमनलाल उम्र 06 वर्ष की प्राकृतिक आपदा तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन जयलाल पिता सुकलाल सतनामी ग्राम रोहिना तहसील राजिम को राशि 4 लाख रूपये (चार लाख रूपये) आर्थिक सहायता स्वीकृत किया जाता है।

# मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने चारामा पहुंचे बस्तर कमिश्नर धावड़े

### मूलभुत सुविधाओं का लिया जाएजा

**चारामा, 11 जनवरी।** बस्तर संभाग के कमिश्नर श्री श्याम धावड़े बुधवार 10 जनवरी को चारामा ब्लॉक के दौरे पर रहे इस दौरान उन्होने आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनज़र ग्राम लखनपुरी कानापोंड व जैसाकर्रा पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और वहां पर उपलब्ध मुलभुत सुविधाओं का भी जायजा लिया उन्होने संबंधित मतदान केंद्र के बूथ लेवल ऑफिसर से मतदाता जनसंख्या के अनुपात कुल मतदाताओं की संख्या महिला व पुरुष मतदाता प्रतिशत सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली सभी मतदान केंद्रो में पेयजल शौचालय दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प सहित अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने अधिकारियों को निर्देश दिए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने मतदाता सूची में त्रुटि सुधार करने व नाम विलोपित करने संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली और निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण करने के भी निर्देश दिये उन्होने कहा है कि 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवा एवं पात्र



नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने से छूट न पाएं निरीक्षण के दौरान चारामा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राकेश गोलछा] डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा] प्रभारी तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले] नायब तहसीलदार मिशा भार्गव खण्ड शिक्षा अधिकारी केशव साहू, मास्टर ट्रेनर मोहन जायसवाल एवं मास्टर ट्रेनर केजू राम सिन्हा भी उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा

**कांकेर 11 जनवरी ।** जिले में आगामी 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय ढंग से किया जाएगा। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज शाम को अधिकारियों की बैठक लेकर समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण प्रातः 7.30 बजे किया जाएगा तथा राष्ट्रगान होगा। बैठक में बताया गया कि जिला स्तरीय समारोह नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा, जहां पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, मार्च पास्ट ट्रैक निर्माण एवं परेड ग्राउंड के समतलीकरण का दायित्व लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। साफ-सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कांकेर द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था की जाएगी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मैदान के चारों ओर फ्लैग पोल लगाकर रंगीन झंडे लगाए जाएंगे। माइक की व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी विद्युत एवं यांत्रिकी द्वारा की जाएगी। विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके लिए चयन समिति बनाई जाएगी। मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित संपूर्ण तैयारियों का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों को रेखांकित करते हुए झांकी निकाली जाएगी।इसके अलावा कलेक्टर ने निर्धारित समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने, मुख्य मंच, शहीदों के परिवारों की बैठक व्यवस्था, पत्रकार दीर्घा, दर्शकदीर्घा की बैठक व्यवस्था, पेयजल एवं एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, उद्घोषक आदि के संबंध में कलेक्टर ने अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल, एसडीएम श्री मनीष साहू सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के कई गांव में आयोजित होंगे शिविर

**कांकेर, 11 जनवरी ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी प्रकार आगामी 11 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के नवागांव एवं गोडरी, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के केंवटी, आसुलखार, डूमरकोट एवं बैजनपुरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम तारसगांव एवं पिपरौद, कांकेर विकासखण्ड के व्यासकोंगेरा एवं पुसवाड़ा, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के नागलदण्ड, हनुमानपुर, मुरावंडी एवं मदले तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सारण्डा एवं कुम्हानखार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### एकदिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 17 जनवरी को

**कांकेर, 11 जनवरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 385 रिक्तियों के आधार पर भर्ती किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने जानकारी दी है कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सेक्युरिटी गार्ड के 200, सेक्युटरी सुपरवाईजर के 50, फायर मेन के 20, वाहन चालक के 10, होम केयर टेकर के 100 तथा डिलिवरी एसोसियेट के 05 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लेकर उसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दिया जाएगा।

## बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने नवपदस्थ कलेक्टर का किया आत्मीय स्वागत



बीजापुर 11 जनवरी । जिला प्रशासन बीजापुर एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान मे जिले में चल रहे कार्यक्रम ÷बीजादूतीर÷ के स्वयंसेवकों द्वारा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री अनुराग पांडेय को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । साथ ही बीजादूतीर कार्यक्रम के विभिन्न विषयों के माध्यम से समुदाय में बाल विकास , सुरक्षित मातृत्व ,स्वस्थ किशोरावस्था, पोषण में विविधता एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को लोगों तक प्रचार-प्रसार के विषय में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो से कलेक्टर को अवगत कराया गया , स्वयं सेवकों द्वारा अपने क्षेत्र मे किए जाने वाले कार्यो का विवरण दिया गया तथा अपने अनुभव साझा किया गया कलेक्टर महोदय द्वारा स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन कर कार्यक्रम में पूर्णतः सहयोग करने का आश्वासन दिया गया ,साथ ही स्वयं सेवकों के साथ मासिक बैठक ÷कॉफी विद कलेक्टर सर ÷ किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई एवं सभी स्वयंसेवकों से मिलकर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर विकास सुनिश्चित करने के लिए सहमति दी गई । कलेक्टर महोदय द्वारा सभी स्वयंसेवकों को उनके कार्यो के लिए बधाई देते हुए भविष्य में समाज के विकास में किए जाने वाले सभी कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

## अंगना मा शिक्षा प्रशिक्षण दिया भैरमगढ़ में



**बीजापुर 11 जनवरी।** लॉक स्तरीय अंगना मा शिक्षा प्रशिक्षण के तहत पोटा केबिन पुसनार (भैरमगढ़)मे 08 जनवरी2024 को 33 संकुल शैक्षिक समन्वयक व 33 नोडल शिक्षिकाओं को श्रीमती उमेश्वरी साहू (छ्त्रन्न) एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से कमलाकांत महतो (जिला समन्वयक बीजापुर) के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ ।कार्यक्रम के उद्बोधन में बीआरसी श्री ओयाम ने कि कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से माता उन्मुखीकरण पर बल देता है।यह कार्यक्रम तभी सफल होगा जब हम ब्लॉक के प्रत्येक स्कूलों में अध्यनरत प्रत्येक बच्चों की माताओ तक इसके उद्देश्य को पहुंचायेंगे । तत्पश्चात सहायक वि.खं शिक्षाधिकारी श्री शोरी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माताएं प्रथम गुरु होती है तथा बच्चे अधिकतर समय अपनी माताओं के साथ ही रहते है।इसलिए वे घरेलू कार्य के साथ-साथ सीमित संसाधनों में भी खेल-खेल मे बच्चों के सर्वांगीण विकास मे अहम भूमिका निभा सकती है।अतः सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण के उद्देश्यों को गंभीरतापूर्वक अन्तिम व्यक्ति तक पहुचायें।

#### माताओं के सहभागिता के पहलू

प्रशिक्षक श्रीमती उमेश्वरी साहू ने बताया कि किस प्रकार थॉमस अल्वा एडिसन जो की बचपन में एक मानसिक बीमार बच्चा था जिसे स्कूल से निकालने के बाद उनकी मा ने घर पर ही शिक्षा देकर महान वैज्ञानिक बनाया था । शिक्षा के क्षेत्र में माता की जागरूकता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है जिससे वे घरेलु कार्य के साथ साथ खेल खेल व मनोरंजक वातावरण में बच्चों को सीखा सके।प्रशिक्षण में आए हुए सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के महत्व को गंभीरता से लिया तथा सभी ने गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रत्येक माह की अलग-अलग भाषाएं एवं गणितीय गतिविधियों मैं सभी प्रतिभागियों ने स्वयं बच्चा बनकर भाग लिया जिससे प्रशिक्षण में रोचकता आ गई।

## छ महीने के मासूम की हत्या,सर्व आदिवासी समाज दल पहुंचा गांव

- **सर्व आदिवासी समाज की जांच दल पहुंची मुदवेंडी**
- **पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए : गोटा**

**बीजापुर,11 जनवरी।** सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने मुदवेंडी गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से मुलाकात कर छः महीने के मासूम की मौत पर कथित क्रास फायरिंग की वस्तुस्थिति और साक्ष्य जुटाने की कोशिश की गई।

सर्व आदिवासी समाज द्वारा गठित टीम का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण गोटा ने बताया कि टीम ने घटना स्थल का मुआयना किया तथा



ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं। पीड़ित परिवार के सदस्यों के बयान समय के आभाव में पूरे नही लिए जा सके हैं। अन्य पक्षों के बयान भी अभी लेने शेष है। आगामी दिनों में जल्द ही बयान दर्ज कर पूरी रिपोर्ट सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष तिरुमाल प्रकाश ठाकुर को सौंपी जाएगी। गोटा ने बताया कि गोली से मासूम की हत्या हुई है। पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर के निर्देश पर बीजापुर जिला इकाई अध्यक्ष कमलेश पैंकरा ने वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण गोटा के नेतृत्व के 25 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम में कमलेश पैंकरा, गुज्जाराम पवार, जग्गू राम तेलामी, सीताराम मांझी, सालिक नागवंशी, अल्वा मदनैया, अमित कोरसा, राजू कलमूम, विनय उइके, रामलाल कर्मा, पाकलु तेलम, मंगू लेकाम, सोनाराम फरसा, कार्तिक शाह मंडावी, साहिल तिग्गा, सौरभ कुजूर, बीका भगत, मोहन भगत सहित गंगालूर से समाज प्रमुख शामिल थे।

## समाचार संक्षेप

### कुम्हारों को दी जा रही ट्रेनिंग



**सुकमा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामुदायिक भवन कुम्हाररास में बीस कुम्हारों को 11 जनवरी तक ट्रेनिग दी जा रही । भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ट्रेनर जागेश्वर कुंभ कार जगदलपुर में कुम्हारों को विशेष मिट्टी से निर्माण कला सिखा रहे हैं। सुकमा के कुम्हारों के लिए अच्छा मौका।

### भारी मात्रा में नक्सलियों के डंप हथियार-विस्फोटक सामाग्री बरामद



**सुकमा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर जिला सुकमा के थाना भेजी क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी, एवं बस्तर फाइटर्स टीम के द्वारा विशेष नक्सल अभियान संचालित किया गया था।सर्चिंग के दौरान दंतेशपुरम एवं कोराजगुड़ा के बीच की पहाड़ी में पुलिस की गतिविधि देख नक्सली आस-पास के घने जंगलों में भाग खड़े हुए। मौके पर आस-पास के इलाकों की सर्चिंग करने पर बैरल ग्रनेड लांचर (बीजीएल) 02 नग, 12 बोल्ट गन 01 नग, भरमार 01 नग, बीजीएल सेल 16 नग, बीजीएल कॉड्रिज 24 नग, बीजीएल पिट्ठू बैग 03 नग, मैगजीन पोच 01 नग, 01 बण्डल लाल कपड़ा व अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया। अभियान पश्चात् डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स टीम सुरक्षित कैम्प वापस लौटी।

### कलेक्टर ने ली जिले के ट्रांसपोर्टर, टैक्सी, बस यूनियन की बैठक



**बीजापुर 11 जनवरी ।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त बस संचालक, टैक्सी, बस यूनियन, ट्रांसपोर्टर एवं वाहन चालकों की बैठक लेते हुऐ हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुऐ सोशल मीडिया एवं प्रचार-प्रसार के अन्य साधनों के माध्यम से फैलायी जा रही भ्रामक जानकारी के बारे में स्पष्ट करते हुऐ कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन एवं हितग्राहियों से चर्चा करने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के भ्रामक जानकारियों से सतर्क रहने को कहा।कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि शासन पर विश्वास रखें कभी भी यूनियन की मांग पर हड़ताल की स्थिति निर्मित होने पर जिले में शांति और सौहार्द्रपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अप्रिय स्थिति में प्रशासन अपनी भूमिका निभाएगी साथ ही कलेक्टर श्री पाण्डेय ने सभी प्रतिनिधियों से आत्मीयतापूर्वक भेंट करते हुऐ परिचय प्राप्त किया।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, डीएसपी श्री विनीत साहू, जिला परिवहन अधिकारी श्री किशन मोहर, तहसीलदार बीजापुर श्री डीआर ध्रुव सहित ट्रांसपोर्टर टैक्सी, बस यूनियन के सदस्य एवं वाहन चालक उपस्थित थे।

### बाल सुरक्षा व हेल्पलाइन की दी जा रही है जानकारी

**बीजापुर 11 जनवरी ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बालश्रम, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृति सड़क जैसी परिस्थिति में जीवन यापन करने वाले बच्चो का चिन्हांकन कर शिक्षा एवं समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीजापुर जिले के सभी विकासखण्डो के स्कूल, हाई स्कूल, हायर सेकेन्ड्री स्कूल, पोटाकेबिन, आश्रमों एवं नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण कर मिशन वात्सल्य, पॉक्सो एक्ट 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बालश्रम अधिनियम, दत्तक ग्रहण विनिमय, बाल संरक्षण तंत्र के महत्वपूर्ण घटकों एवं विशेष देखरेख बच्चो के आवश्यक संबंधी बच्चो के जानकारी दिया जा रहा है स्कूलों में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील किया जा रहा है इस प्रकार से संकटग्रस्त वाले बच्चों एवं बच्चों के साथ होने वाले अत्याचार, शोषण, की जानकारी मिलने पर तत्काल टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचना देवे साथ ही महिला बाल विकास के जिला बाल संरक्षण इकाई में सूचना दिया जा सकता है। इसी के साथ नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया कि नशा शारिरीक समस्याओं साथ ही आर्थिक सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है।

### ड्रोन से उर्वरक एवं कीटनाशक के छिड़काव का प्रदर्शन



**बीजापुर 11 जनवरी ।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड भोपालपटनम के मद्देड़ में ड्रोन के माध्यम से फसलों में उर्वरक एवं कीटनाशक औषधियों के छिड़काव प्रदर्शन किया गया। मद्देड़ के कृषक श्री चित्तापुरी पुरूषोत्तम के खेत में मिर्च की फसल पर छिड़काव कर किसानों को ड्रोन से उपयोग के लाभ से अवगत कराया गया। प्रदर्शन स्थल पर मद्देड़ के कृषकों के साथ-साथ ग्राम अंगमपल्ली के भी लगभग 50 से 60 कृषक उपस्थित हुए। प्रदर्शन उपरांत कृषकों से चर्चा की गई। जिसमें किसानों ने इस तकनीकी को लेकर रूचि व्यक्त की है।इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री प्रताप सिंह कुसरे, केव्हीके वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरूण सकनी, उद्यान विभाग से श्री राव, ड्रोन प्रभारी श्री मरकेला श्रीनिवास, अनुविभागीय कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

## बिना अनुमति के बाहर रहने पर देवभोग तहसीलदार को नोटिस

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने देवभोग के तहसीलदार गेंदलाल साहू को रात्रि बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया । तहसीलदार को अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आगामी छठवां विधानसभा का द्वितीय सत्र शुरू होने वाला है, इस दौरान जिले में कार्यरत सभी अधिकारियों - कर्मचारियों का अवकाश व मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है तथा वाहन चालक संघ के द्वारा हड़ताल के संबंध में कल देवभोग में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई किन्तु मुख्यालय में तहसीलदार श्री साहू उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार वर्तमान में राज्य शासन के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन संबंधी कार्यो का क्रियान्वयन किया जा रहा है। देवभोग ओड़िशा राज्य सीमावर्ती क्षेत्र है, जिससे धान उपार्जन केन्द्र में अवैध धान परिवहन की संभावना होती है। कार्यपालिक दण्डाधिकारी की सतत निगरानी में धान उपार्जन का कार्य क्रियान्वयन किया जाता है।

## हिट एंड रन का नया कानून अभी लागू नहीं ,किसी भी प्रकार के अफवाह में नहीं आने की अपील

**राजिम 11 जनवरी ।** हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।

## दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती पर होगा 200 कुण्डीय महायज्ञ



**महासमुंद।** युगपुरूष महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती पर 13 एवं 14 जनवरी को आर्ष गुरूकुल आश्रम कोसरंगी में 200 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन 13 जनवरी को गुरूकुल आश्रम कोसरंगी की 21वीं स्थापना दिवस पर वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। वर्ष 2013 में महर्षि दयानंद की जयंती को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ज्ञानदीप पर्व का नाम दिया गया है। तब से उनकी जयंती पर देश भर चल रहे 5 हजार से अधिक गुरूकुलों में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में उक्त आयोजन की जानकारी आचार्य सुरेश शास्त्री द्वारा प्रेसवार्ता के माध्यम से दी गई। प्रेस क्लब परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान आचार्य सुरेश शास्त्री ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में संभाग स्तर पर अंबिकापुर में आयोजन हो चुका है और दुर्ग-भिलाई में किया जाना है। इससे पूर्व रायपुर संभाग के लिए आर्ष ज्योति गुरूकुल आश्रम कोसरंगी में इसका आयोजन किया जा रहा है। चूंकि, 13 जनवरी को गुरूकुल आश्रम कोसरंगी का 21 वां वार्षिक उत्सव में मनाया जाना है। इसलिए, इस दिन से कार्यक्रम की शुरूवात हो जाएगी। 14 जनवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक 200 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजना किया जाएगा।

## पीएम विश्वकर्मा योजना से रियायती ब्याज दर पर 3 लाख रुपए तक का मिलेगा ऋण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार 3 लाख रुपए का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक का ऋण मिलेगा।

कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपए का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15, 000 रुपए का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है।महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची-जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी-चटाई-झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते है। इसके लिए आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आयु 18 वर्ष पूर्ण हो। स्वरोजगार/व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत ऋण न लिया हो।

# संकल्प शिविर में नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 11 जनवरी।** चौबेबांधा में बुधवार को हुए विकसित भारत संकल्प शिविर शाला प्रांगण में 2:30 बजे दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ तथा 4:30 बजे समाप्त हो गया। जैसे ही ग्रामीणों को पता चला था कि हमारे गांव में शिविर होने वाला है। उन्होंने आवेदन बनाकर रखे हुए थे कि इस बार हमारे आवेदन को सिर्फ लिया ही नहीं जाएगा बल्कि इस पर तत्काल कार्यवाही भी होगी लेकिन उनकी यह सोच तब धारी की धरी रह गई, जब कोई जिम्मेदार जनप्रतिनिधि यहां नहीं पहुंचे। हालांकि चर्चा थी कि कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक पहुंचेंगे परंतु बाद में जानकारी हुई कि वह प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राजधानी रायपुर चले गए हैं इसलिए वह नहीं आ पाएंगे। ग्रामीणों का कहना था कि विधायक नहीं आए तो क्या हुआ। चुने गए कई जनप्रतिनिधि है जो कमान को संभाल सकते थे लेकिन कोई नहीं आ पाए जिससे हमें निराशा लगी है। जानकारी के मुताबिक शिविर में कुल 472 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें सर्वाधिक 452 प्रधानमंत्री आवास के है। शौचालय 10, पेंशन 08 तथा साइकिल के लिए 02 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिविर में समूह की बहनों के द्वारा बिहान योजना के तहत किस तरह से लाभान्वित हो रहे हैं इस बात का जिक्र किया गया तथा ग्राम के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के द्वारा अपनी जुबानी सारी बातें बताई। वहीं अलग-अलग विभाग के अधिकारियों के द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं हैं तथा कैसे इनका लाभ लिया जा सकता है जिन्हें बताया गया इस दौरान किसी ने उन्हें कोई सवाल नहीं पूछा तथा बताने वाले



अधिकारियों ने भी मैं जो बता रहा हूं वह पूरी समझ रहे हो कि नहीं इस पर भी कोई प्रश्न नहीं किया अर्थात संचालक के द्वारा नाम लिया जाता और जानकारी देने तक ही सीमित रहा। स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा समूह की बहनों ने सुवा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उपस्थित अधिकारियों एवं सरपंच के करकमल से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**राइस मिल के गंदा पानी को बंद कराने आया आवेदन-** किसान ओमप्रकाश साहू, जीवन साहू, किसन, गणेशराम, सुकालू, दुखुराम, उधोराम, लीलाराम,बरात,भागीराम, हेमलाल, वीरेंद्र, पंचराम, छोटेलाल, नारद, चम्मन, डुमन सिंह,सुकुल, ईश्वर, रोहित, हेमलाल, बाला, कमल, पलटन,अलेन राम, होरी लाल, मुरली इत्यादि ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिए जिसमें कहा गया है कि राईस मिल के द्वारा बफई (गंदा) पानी खेतों में बहा रहे हैं जिसके कारण हम खेती नहीं कर पा रहे हैं। हमारी खेतीहर भूमि व्यर्थ जा रहा है इन लोगों का कहना है कि गंदा पानी बहाना तुरंत बंद करें मील वाले को अपने पानी कहां ले जाना है या फिर कहां खपाना है वह तय करें किसी किसान को परेशान करने की आवश्यकता नहीं है हम सब लोग बहुत परेशान हो गए हैं किसानों के साथ न्याय होना चाहिए इन लोगों ने बताया कि कई किसान इसी गंदे पानी की वजह से मजबूरी में अपने खेती करने वाले भूमि को इन्हीं लोगों के पास बेच दिए हैं और भूमिहीन हो गए हैं मील वाले पहले किसानों को परेशान करते हैं और मजबूरी में फिर इन्हें अपनी जमीन बेचना पड़ता है इन्होंने शासन से गुहार लगाई है कि गंदा पानी बहाना तुरंत बंद करें।

**पिछले तीन सालों से अधूरी नहर नाली को पूरा करने की मांग-**किसान ध्रुव कुमार, प्रेमलाल साहू, ईश्वर पाल, परमेश्वर पटेल, सोहन, जगमोहन, दिलीप साहू इत्यादि किसानों ने सिंचाई विभाग से गुहार लगाया है कि चौबेबांधा के छोटे नहर नाली अधूरा पड़ा हुआ है उसे पूर्ण किया जाए। अपूर्ण होने की स्थिति में सिंचाई करने में बड़ी दिक्कत होती है। कई बार तो किसानों के खेत सुखी ही रह जाती हैं। बताना होगा कि नहर नाली को पक्का करने के लिए पिछली सरकार ने करोड़ों रुपया की स्वीकृति दिलाई थी। ठेकेदार ने आधा अधूरा काम किया जिसे पूरा करने की मांग पिछले तीन सालों से लगातार ग्रामीण कर रहे हैं पर विभाग तनिक भी ध्यान नहीं दे रहा है इससे किसान बहुत गुस्से में दिखाई दिए।

**दांत में तार लगाने को लेकर डॉक्टर ने डेंटल कॉलेज का रास्ता दिखाया-**कुछ लोग शिविर में डॉक्टर से पूछे कि दांत में तार लगाना है इसके लिए हमें क्या करना पड़ेगा, वहां मौजूद दांत के डॉक्टर ने बताया कि इसके लिए आपको डेंटल कॉलेज रायपुर जाना पड़ेगा इन लोगों का कहना था कि राजिम जिले की धर्म नगरी है बड़ी संख्या में लोगों का हमेशा आना-जाना लगा रहता है बड़ी शहर होने के बावजूद यहां डेंटल विभाग में सुविधा नहीं है यह बड़ी सोचनीय विषय है अर्थात यहां के लोगों को आज भी राजधानी के अस्पतालों पर ही निर्भर होना पड़ रहा है इन्होंने राजिम में सारी सुविधाएं देने की मांग की है। उपस्थित डॉक्टरों के पास बीपी एवं शुगर का टेस्ट भी किया गया

कार्यक्रम में सरपंच दुलीचंद आंड़े, उपसरपंच धनेंद्र साहू, वार्ड पंचगण, जनपद पंचायत के सीईओ, खंड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ ग्रामीण नकछेड़ा साहू,बिसहत साहू, पुनऊ पटेल, जीवन साहू,लीलाराम साहू, बिहान समूह की बहनें, मितानिन,इत्यादि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 11 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर से ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वैन आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के साथ जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करेगी तथा ई.वी.एम. प्रदर्शन वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी जिले के सभी ग्राम पंचायतों, मतदान केन्द्रों, हाट-बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने तथा नये मतदाताओं का नाम जुड़वाने एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भी ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जन चौपाल में दिए आवेदन का हुआ तत्काल निराकरण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** कल जन चौपाल के आयोजन के औसर पर गरियाबंद नगर पालिका के पार्षद वंश गोपाल सिन्हा ने एक आवेदन देते हुए कहा था कि छुरा गरियाबंद मार्ग में भीड़ बहुत होता है और 8 और 10 चाको के वाहनों का लगातार आवागमन बना रहता है इस पर रोक लगाया जाए किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है जिस पर अप्रिय स्थिति बन सकती है इसलिए विशेष ध्यान देकर पूर्व की भांति इस मार्ग पर बड़ी गाड़ियों के चालान पर रोक लगाया जाए पूर्व में नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने निर्णय लिया था कि इन मार्गों पर 8 और 10 चको के वाहन नहीं चलेंगे इसके बाद भी यह यथावत जारी है जिसे लेकर सड़क के दोनों और के व्यवसायी भी काफी परेशान हैं और वहां रहने वाले लोग भी बहुत परेशान हैं जहां धूल से परेशानी हो रही है।

वहीं घर के बच्चे बाहर निकलते हैं या विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र में खरीदी करने निकलते हैं तो इससे बडे वाहनों से कभी भी घटना घट सकती है अधिकारी तत्काल ध्यान दें जिससे कि गरियाबंद का जनजीवन सामान्य रह सके।

समाचार संक्षेप

## बेचापाल मिलिशिया सेक्शन कमांडर का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

**बीजापुर, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत बेचापाल



आरपीसी मिलिशिया सेक्शन ए कमांडर शमील तेलम ऊर्फ मिथुन ऊर्फ डेंगा पिता लख्खू तेलम उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी गंडोकलपारा, बेचापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 10/01/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अति0पुलिस अधीक्षक ऑप्स, श्री वैभव बैंकर, अति0पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।

**शमील तेलम ऊर्फ मिथुन, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण:-** वर्ष 2017 में मिरतुर बाल सदस्य के रूप में संगठन में भर्ती हुआ , गांव में माओवादी सदस्यों के आने पर चावल सब्जी एकत्रित करना, वर्ष 2017 से 2018 तक बाल संगम सदस्य पर कार्यरत, वर्ष 2019 में बाल संगम सदस्य से मिरतुर एलओएस अन्तर्गत पीएलजीए सदस्य के पद की जिम्मेदारी दी गई ।

**महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल:-**वर्ष 2021 में ग्राम तालनार में ग्रामीण की हत्या की घटना में शामिल वर्ष 2023 में गोपनीय सैनिक लालू ओयाम की हत्या की घटना में शामिल वर्ष 2023 में बेचापाल एवं हुर्रेपाल के बीच जंगल में पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के नीयत से आई.ई.डी. ब्लास्ट करने की घटना में शामिल

**संगठन छोड़ने का कारण-** संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

## सहकारी बैंक के नोडल, डीआरसीएस, समिति प्रबंधक, सुपरवाइजर को नोटिस के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 11 जनवरी।** समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने नवनियुक्त जिलाधीश दीपक अग्रवाल धान खरीदी केन्द्र मरौदा पहुंचे। केन्द्र में जारी धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पर अव्यवस्था वह धान के ताल में गड़बड़ी धान में नमी व अन्य कमियों को देखकर जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए सहकारी बैंक के नोडल डीआर.सी.एस समिति प्रबंधक सुपरवाइजर को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया कलेक्टर ने मौके पर तौलाई में गड़बड़ी, धान में नमी एवं समिति में सुचारू व्यवस्था नहीं होने पर मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहित समिति प्रबंधक, एवं सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरु, डीएमओ अमित चन्द्राकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गरियाबंद तहसील के ग्राम मरोदा के धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान आवक रजिस्टर पंजी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, किसानों के ऋण पुस्तिका की जानकारी, आर्द्रतामापी यंत्र, पुराने, नये बारदाने, धान के परिवहन की जानकारी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें धान बेचने की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में स्वयं ही बोरो में रखे धान के नमी स्तर आर्द्रतामापी यंत्र से जांचा और भरे हुए धान बोरों के वजन दोबारा कराया। इस पर तौल में सही वजन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के धान खरीदी केन्द्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों, मजदूरों के लिए परिचय पत्र बनाये।

## केशकुतुल, बामनपुर और लिंगागिरी में शिविर आयोजित



**बीजापुर, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं उन योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने जिले के सुदूर अंचल में 10 जनवरी को ग्राम पंचायत केशकुतुल बामनपुर और लिंगागिरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का मोबाईल वैन पहुंचा जहां ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश तन्मयतापूर्वक सुना।इस मौके पर संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुऐ। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु एलईडी वैन कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले के सुदूर पंचायत केशकुतुल, बामनपुर, लिंगागिरी पहुंची। ग्राम पंचायतों में पहुंचे शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।इस मौके पर संकल्प शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी देने के साथ ही फसल लेने के पहले मृदा परीक्षण कराने की सलाह दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# टाँगरान के 33 अवैध कब्जाधारियों को किया बेदखल, 70 हेक्टेयर जमीन को कराया खाली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 11 जनवरी।** उदंती सीतामढ़ी टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत टांगरान अतिक्रमण बस्ती 70 हेक्टेयर सघन वन क्षेत्र को काट करके बसाई गयी थी उसे उदंती सीता नदी के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में महिला वन अमला जो अपने दूध पीते बच्चों के साथ मौके पर पहुंची थी ने 30 से अधिक अतिक्रमण कारियों से जंगल को अतिक्रमण से मुक्त कराया ।अतिक्रमण कारी पहली बार महिला वन अमला की व्यापक सँख्या को देखते हुए घबरा गए और उन्होंने उन्होंने वहां से हटना कबूल कर लिया अधिक विरोध नहीं कर पाए जबकि इससे पूर्व के अतिक्रमण हटाने पर व्यापक रूप से मारपीट लड़ाई झगड़ा हो चुका था इस बार महिलाओं ने ऐसा कुछ होने नहीं दिया

अतिक्रमणकारियों द्वारा पिछले 10 वर्षो में लगभग 70 हेक्टेयर वन भूमि को काटकर नुक्सान पहुंचाया जिसमे अब केवल कुछ ही वृक्ष बचे हैं जबकि ढ्रस्त्रह्न कि रिपोर्ट से पता चलाता है यहाँ सघन वन था. अतिक्रमण कारियों द्वारा हजारो वृक्षों को कटाई के बाद उनके ठूठ को जला दिया गया ताकि देखने में भूमि बंजर दिखे. अतिक्रमणकारियों को वन विभाग द्वारा 2 बार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था ।अतिक्रमणकारियों के घरेलु सामान (सोलर पैनल,टीन शेड, बर्तन, झिल्ली, आदि ) सम्बंधित पटवारी के समक्ष उन्ही को सुपुर्द कर दी गयी । 13 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया जिनको कल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।30 में 23 अतिक्रमणकारी ओड़िशा राज्य के थे ।

इस कार्रवाई में करीब 40 महिला वन रक्षक , महिला वन प्रबंधन समिति विशेष योगदान रहा. 150 किलोमीटर दूर महासमुंद, कांकेर, केशकाल एवं धमतरी जिले से महिला फारेस्ट गार्ड आयी.थी महासमुंद की 1 महिला वन रक्षक श्रीमती रूपा चतुर्वेदी अपनी 8 माह की दूधमूही बच्ची के साथ अपनी ड्यूटी निभाने आयी जिससे बाकी स्टाफ का भी हौंसला बढ़ा क्युकी पिछली बार इचरादी अतिक्रमित बस्ती पर कार्रवाई के समय वन अमले पर जानलेवा हमले हुए थे

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 11 जनवरी।** जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के निर्देशन में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में शिक्षकों व छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकालकर बच्चों ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है, प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता है। इस अवसर पर पूरन लाल साहू प्राचार्य ने कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है. जिस देश में जितने अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त होता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है.उन्होंने आगे कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवक युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में अध्धयन रत 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले छात्र व छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के अलावा स्कूली बच्चों को अपने गाँव, टोलों में लोगों को जागरूक करते हुए किसी भी मतदाता का नाम न छूटे उसके लिए बच्चों को प्रेरित किया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### अंतर महाविद्यालय महिला कराते स्पर्धा में किरण साहू को दूसरा स्थान



भाटापारा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के द्वारा पहली बार महिला कराटे प्रतियोगिता को खेल स्पर्धा ने शामिल किया। जिसका आयोजन कन्या महाविद्यालय धमतरी में किया गया उक्त प्रतियोगिता में 21 महाविद्यालय के 46 खिलाडीयो ने खेल का शानदार प्रदर्शन किया जिसमें से 16 खिलाडीयो का चयन चंडीगढ़ में होने वाले प्रतियोगिता के लिए किया गया है ये सभी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। धमतरी में आयोजित इस प्रतियोगिता में भाठापारा की 2 खिलाड़ी का चयन हुवा था जिसमे किरण साहू ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### नदी में नहाने डुबकी लगाई पर जिंदा नहीं निकला बाहर

**कोरबा , 11 जनवरी।** अहिरन नदी में नहाने उतरा व्यक्ति, पानी में डूबकी लगाने के बाद बाहर नहीं निकला। आसपास नहा रहे लोगों ने उसकी खोजबीन की और बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। घटना बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत बल्गी मोड़ के पास अहिरन नदी में हुई। बताया जा रहा है कि सुराकछार बस्ती निवासी दरश राम यादव 45 वर्ष नदी में नहाने पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कपड़ा उतार वह पानी में उतरा और डूबकी लगाया। इसके बाद वापस नहीं आया। आसपास नहा रहे कुछ युवकों ने देखा कि दरश बाहर नहीं निकला है, तब उन्होंने पानी में खोजबीन की, तो दरशराम मिला। बाहर निकाल सीढ़ी पर रखा और परीक्षण किया, तब तक दरश राम की सांसे थम चुकी थी। इस बीच किसी ने घटना की सूचना बांकीमोंगरा पुलिस को दी।स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि दरश की मौत कैसे हुई। बहरहाल मामले में प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह 13 से 15 तक रहेंगे कोरबा प्रवास पर

**कोरबा, 11 जनवरी।** भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह पुनरू तीन दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंच रहे हैं। इसके पहले मंत्री सिंह विधानसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले कोरबा प्रवास पर आए थे। तब उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनाव बिगुल फूंका था। साथ ही कहा था कि जिले में भाजपा का सीट बढ़ेगी। परिणाम भी सकारात्मक आया और जिले में भाजपा की सीट एक से बढ़ कर दो हो गई। भाजपा संगठन की ओर से कोरबा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी का भी दायित्व संभाल रहे मंत्री सिंह अब 13 से 15 जनवरी तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री सिंह का 13 जनवरी को कोरबा आगमन होगा और शाम छह बजे से एनटीपीसी गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेंगे और जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। दूसरे दिन 14 जनवरी को सुबह 10 बजे मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे ग्राम ढोंगदरहा विकासखंड कोरबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाग लेंगे।

# विश्व हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों को बताया हिंदी का महत्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 जनवरी।** 10 जनवरी शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के द्वारा 2:00 बजे से विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पूर्णिमा साहू ने हिंदी की महत्ता और विश्व के अनेक देशों में इसके फैलाव की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। रसायन शास्त्र विभाग से विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अनीता सरीन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आह्वान पर प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस मनाने एवं आम जनों में हिंदी के विकास संबंधी जागरूकता पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर उमाकांत मिश्रा ने नागपुर में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा उद्घाटित 10 जनवरी 1975 के सम्मेलन से इसका आरंभ बतलाया। विश्व हिंदी सचिवालय मॉरीशस में स्थापित होने और 12 मार्च 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई मॉरीशस में आधारशिला की जानकारी उन्होंने दी। डॉ मिश्रा ने विश्व हिंदी सचिवालय के सदस्य के रूप में भारत,मौरीसश, फिज़ी, सूरीनाम और नेपाल का उल्लेख करते हुए विश्व पटल पर हिंदी के विकास के लिए युवाओं के कर्तव्य पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 15 जनवरी से 20 जनवरी तक भाषाई दक्षता पर एक विशेष पाठ्यक्रम संचालित करने का संदेश विभाग अध्यक्ष द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथि व्याख्याता कुमारी पूजा गुप्ता ने हिंदी के संबंध में महात्मा गांधी एवं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के कथन का उलझ कर छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन के क्रम में अतिथि व्याख्याता डॉक्टर मनीष ने स्पष्ट किया की आरंभ में विश्व हिंदी दिवस पर केवल 30 देश के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। परंतु आज लगभग 100 देश और 2000 प्रतिनिधि इसमें भाग लेते हैं। पूर्व में विश्व हिंदी सम्मेलन चार वर्षों में आयोजित होता था किंतु अब तीन वर्षों में ही यह सम्मेलन आयोजित होता है। आगत अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मां तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कुमारी मोती एम और डेविड के अतिरिक्त स्नातक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं तथा अनेक अतिथि व्याख्याता के साथ-साथ भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत द्विवेदी उपस्थित रहे। डॉक्टर द्विवेदी ने इस अवसर पर सार्थक अभिव्यक्ति भी दी।




### कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने की वाहन चालकों से बातचीत

# हिट एंड रन का नया कानून अभी लागू नहीं, किसी भी अफवाह में नहीं आएं : कलेक्टर

- वाहन चालकों को डरने की नहीं है आवश्यकता, सुरक्षा का रखें जाएंगे ख्याल
- वाहन चालकों ने भी दिया प्रशासन को भरोसा नहीं होगी हड़ताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 11 जनवरी।** हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है।अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। जिसकी सूचना मिलते ही आज कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में वाहन चालक संघ, ट्रक ड्राइवर संघ,वाहन मालिक संघ,बस मालिक संघ के प्रतिनिधियों से मिलकर6 उनके संदेहों को दूर किया। कलेक्टर श्री कुमार कहा वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफ्वाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफ्वाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने वाहन चालकों को किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नही है। सभी की सुरक्षा का ख्याल रखा जाएंगे.इसके साथ ही एसपी ने बताया कि साइबर पुलिस द्वारा ऐसे वाट्सअप ग्रुप सहित अन्य सोशल मिडिया में अफ्वाह फैलाने वालों पर कड़ी नाराजगी रखी जा रही है। इस दौरान ड्राइवर संघ द्वारा विभिन्न3 समस्याओं पर बात रखी गई। जिस पर प्रशासन की ओर से कलेक्टर ने शीघ्र ही निराकरण करने के आश्वासन दिए है। इसके साथ ही पुरे ड्राइवर संघ द्वारा प्रशासन को भरोसा दिलाया गया है की किसी भी प्रकार हड़ताल नही होगी। इस मौके पर जिला परिवहन अधिकारी भूपेंद्र गावरे, यातायात टीआई श्री कुजूर,वाहन मालिक संघ संजीव सिंह,बस मालिक संघ मानक ठाकुर, अशोक जैन,सुभाष चंद्र सहित बड़ी संख्या में ड्राइवर उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग इस कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय भल्ला ने पत्र जारी कर कहा है कि भारतीय न्याय संहिता 106(2) लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे और उसके बाद ही हम कोई निर्णय लेंगे।

# आपदा पीड़ित 15 परिवारों को 60 लाख की आर्थिक सहायता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 जनवरी।** प्राकृतिक आपदा से मृत 15 लोगों के निकट परिजनों के लिए 60 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 8 जनवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में छबिराम पिता संतराम घृतलहरे, निवासी ग्राम गोरदी, तहसील सुहेला,तामेश्वरी वर्मा पति स्व. योगेश वर्मा निवासी ग्राम सकलोर, तहसील सुहेला, पंचवती कुर्रे पति बंसत कुर्रे, निवासी ग्राम हिरमी,तहसील सुहेला, उग्रनीला कुर्रे पति स्व.चंद्रहास कुर्रे, निवासी ग्राम हिरमी, तहसील सुहेला, दुखमबाई रजक पति स्व. तीजउ राम रजक, निवासी ग्राम लोहारी, तहसील सुहेला, सीमा वर्मा पति स्व. तिलक राम वर्मा, निवासी ग्राम सकलोर, तहसील सुहेला, गीताबाई पति स्व. संतोष यादव, निवासी ग्राम कसडोल, तहसील कसडोल, गौरी देवार पति स्व. गोपी देवार, निवासी ग्राम कसडोल, तहसील कसडोल, राजेन्द्र कुमार वर्मा पिता रामलीला वर्मा, निवासी ग्राम बिलारी, तहसील कसडोल, दिनेश ध्रुव पिता फूलसिंग ध्रुव, निवासी ग्राम बिनौरी, तहसील पलारी, धनश्याम पिता ईश्वर धीवर, निवासी ग्राम गिर्रा, तहसील पलारी, सत्यवती साहू पति नेतराम साहू, निवासी ग्राम डमरू, तहसील लवन, शशिबाई पति स्व.राजकुमार यादव, निवासी ग्राम लवन, तहसील लवन, रज्जू पटेल पिता भूरवा पटेल, निवासी ग्राम दरचूरा, तहसील सिमगा एवं ना.बा.सत्यनारायण निषाद पिता ललित निषाद द्वारा वली दादा अघनू राम निषाद पिता बोधीराम निषाद, निवासी ग्राम लिमतरा, तहसील सिमगा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने, आकाशीय बिजली गिरने, कुआं, नाला, तालाब के पानी में डूबने, सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं./ई.पंजी./202401082200012 /अ20(1), वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मरियम बी पति स्व. अब्बास खान आजमी साकिन कवर्धा द्वारा नजल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-16बी भूखंड क्रमांक- 88 कुल क्षेत्रफल-76.00 वर्गमीटर भू-खंड जो नजूल अभिलेख नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में सराजुद्दीन साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूल धारक अमीसबी जौजे सिराजुद्दीन मुसलमान से दिनांक 09.06.1967 को क्रय किये जाने से आवेदिका द्वारा उक्त भू-खण्ड को अपने नाम पर नजूल अभिलेख में निर्धारण करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 22/1/2024 को नियत की गई है।

अतएव निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 22/1/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 8/1/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांकः- 8/1/2024**
**पेशी दिनांकः-22/1/2024**

मुहर

**नजूल अधिकारी,**
**कबीरधाम**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202401092100001 अ/2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पुरानिक लाल बंजारे पिता हीरालाल बंजारे निवासी धुसेरा तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम धुसेरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. बेलगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 426/3 रकबा 0.05 एकड़/0.020 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदक कृषि गोदाम प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन जाने बाबत् निवेदन किया गया है आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, नक्शा खसरा बी-1 एवं अधिवक्ता पत्र पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 29/01/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी**
**एवं भू-परिवर्तित अधिकारी**
**डोंगरगढ़**


# जिले के दवा विक्रेता और मेडिकल स्टोर्स संचालकों की कोरबा पुलिस ने ली मीटिंग

## प्रतिबंधित दवाइयों का बिना डाक्टरी सलाह से न हो बिक्री

**कोरबा, 11 जनवरी।** पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा के द्वारा राज्य में किसी भी प्रकार के अवैध नशा पर प्रभावी कार्यवाही के विरुद्ध अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीली पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है जिस पर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर श्री अजय यादव एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला से मार्गदर्शन प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भूषण एक्का के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के दवाई दुकान के संचालक एवं फार्मासिस्ट की मीटिंग लि गई।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा संचालकों से अपील की गई कि ऐसी दवाई जो नशा के लिए उपयोग में लाई जाती है उन दवाओं को बगैर डाक्टर पर्ची के लोंगो को न बेची जाये। साथ ही ऐसे लोग जो इन दवाओं को ज्यादा ख़रीदते हो उनके बारे में पुलिस को सूचना देवें, ताकि उन लोगों के बारे पता किया जा सके कि कहीं इन दवा का गलत उपयोग तो नहीं हो रहा है। नार्कोटिक्स श्रेणी की दवाईयां जैसे एवम अन्य इंजेक्शन , सिरप टेबलेट को खाने से नींद या नशा जैसा लगता है उन दवाइयों का गलत उपयोग ना हो उसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।फार्मासिस्ट और दवाई दुकान संचालकों द्वारा इसमें बताया गया कि सभी प्रकार के दवाई बिक्री का रिकॉर्ड उनके पास होता है। साथ ही पुलिस की इस अवैध नशा के खिलाफमुहिम में पूरा सहयोग करने के लिए सहमति जताई।

### सभी मंदिरों में 14 से दीप होंगे प्रज्वलित

**कोरबा, 11 जनवरी।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम मंदिर का आगमन हो रहा है, कोई भी मंदिर में अस्वच्छता न रहे। इसके साथ ही कोरबा में भी इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिरों में तो स्वेच्छा से धार्मिक समितियां मंदिर के साथ परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर दीप जलाएंगे। साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता भी इस पावन पहल में अपनी भागीदारी निभाएंगे। शहर की तमाम मंदिरों की साफ-सफाई के लिए वार्डवार जवाबदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**पुनः ईश्तहार**

क्रमांक/......../ अ-6(अ)/2023-24
रायपुर, दिनांक 9/1/2024

**ग्राम कोटा प.ह.नं. 51,**
**तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से प्राप्त। आवेदक महावीर शिक्षा प्रसार समिति गुढ़ियारी रायपुर द्वारा अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल पिता श्री निवास अग्रवाल निवासी गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि, आवेदक संस्था के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम कोटा प.ह.नं. 51 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 20/25 रकबा 0.0610 हे. अर्था 6525 वर्गफुट, खसरा नंबर 20/14 रकबा 0.0326 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदक ने उपरोक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 09/07/1962 को विक्रेता राधाकिशन पिता नाथूलाल निवासी गुढ़ियारी रायपुर वाले से क्रय किया है। क्रय पश्चात् आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का आदेश न्यायालय तहसीलदार रायपुर से हो चुका है तथा परिवर्तित बी-1 ऑनलाईन में खसरा नंबर 20/25 रकबा 0.0610 हे. भूमि में आवेदक का नाम दर्ज है। त्रुटिवश पटवारी द्वारा संधारसा खसरा शीट नंबर 11 प्लट नंबर 19/1 खसरा नंबर 20/25 में आवेदक के नाम के स्थान पर विक्रेता के वारिसान सत्यनारायण पिता राधाकिशन का नाम दर्ज है जिसे सुधार कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/1/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 9/1/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**


### ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए विभागीय स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की दी जा रही जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा:दूरस्थ ग्रामों में आयोजित किए जा रहे शिविर

**कोरबा, 11 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम जावली व डोंगरी में, जनपद पंचायत करतला के गाड़ापाली, पठियापाली, तरदा, कथरीमाल, गुमिया व कनकी में तथा कोरबा जनपद पंचायत के ग्राम पण्डरीपानी व बेन्दरकोना में एवं पोड़ी उपरोड़ा जनपद के ग्राम सरमाध्सुखरीताल व तनेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं लाभान्वित हुए हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ



ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाएं जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। गुमिया में आयोजित शिविर में आज मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम योजना से लाभांवित हुई श्रीमती छाया यादव ने बताया कि योजना से जुड़कर उनके जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है।


**कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक-97/NIT-13/2023-2024/व ले लि** **दिनांकः 09-01-2024**

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | :- | 23-01-2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :- | 30-01-2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- | 31-01-2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक |
| निविदाकारों की श्रेणी | :- | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक |
| निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) | :- | T0047-1500.00 |

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 13 T0047 | FOR CONSTRUCTION OF SDM OFFICE BUILDING AT CHHINDGARH DISTRICT SUKMA (C.G) (1st Call) | 42.50 32000.00 637500.00 | Period 04 Months From Reckoned Date |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**नोटः-** 1. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 3. पैन कार्ड, 4. आधार कार्ड, 5. वैध बैंक साल्वेंसी, 6. ठेकेदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि प्रमाण पत्र (E.P.F.) 6. आयकर चुकता प्रमाण/वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष 2023-24 विगत त्रैमास) सभी संबंधित दस्तावेज स्वयं के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य है न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं टी.डी.आर./एफ.डी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**सुकमा, सुकमा संभाग**

जी-07020/4

## एक नजर

### हवाई फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर, 11 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल भापुसे द्वारा हवाई फायरिंग करते वायरल वीडियो पर त्वरित कार्रवाई बाबत निर्देशित किया गया, जिनके निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम रायपुर जयप्रकाश बढ़ई, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर भापुसे के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कबीर नगर निरीक्षक श्रुति सिंह के नेतृत्व में 10 जनवरी वीडियो मे दर्शित व्यक्ति को जिसके द्वारा अविनाश प्राइड के पास खुले आसमान में हवाई फायरिंग की गई थी, जिसका वीडियो पुलिस को प्राप्त होने के बाद पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए, आरोपी लाली उर्फलखविंदर सिंह पिता गुरनाम सिंह उम्र 30 वर्ष पता अविनाश प्राइड पर तत्काल कार्यवाही करते हुए 10 जनवरी को गिरफ्तार कर, लाइसेंसी रिवाल्वर मय खाली खोखे जप्त कर अपराध क्रम0 12/2024 धारा 27, 30 आर्म्स एक्ट के तहत कठोर वेधानिक कार्यवाही की गयी। साथ ही साथ लाइसेंस नीरस्त करने के लिए भी कारवाही की जा रही है।

### मकर संक्रांति 15 को

**रायपुर, 11 जनवरी।** इस वर्ष मकर संक्रांति 14 की रात को 2.44 बजे पर सूर्य धनु से मकर राशि में प्रवेश कर रहा है। 15 जनवरी को संपूर्ण देश में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति के दिन ही सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है। ऋतु परिवर्तन होने के कारण उक्त तिथि से ही दिन लंबे रातें छोटी होनी शुरू होती है। परंपरागत तरीके से उक्त दिन पतंगों को आकाश में उड़ाने का रिवाज है। तिल के लड्डू तिलपट्टी गुड के लड्डू एवं पट्टी का भोग के साथ ही चूड़ा दही का भोग भगवान शिव को लगाया जाता है। मकर संक्रांति के पर्व पर प्रयागराज सहित संपूर्ण देश में सुबह-सुबह पुण्य स्नान करने से एवं काले तिल का दान करने से जातकों को अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है। चौबे कालोनी के पं. विनित शर्मा के अनुसार मकर संक्रांति के पर्व पर भगवान शिव का अभिषेक करने से सोया हुआ भाग्य चमक जाता है।

### राम के ननिहाल वाले निहाल होंगे : बजाज

**रायपुर, 11 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना प्रारंभ करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इस योजना से राम के ननिहाल वाले निहाल होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और यह निर्णय भी इसी प्रयास का सूचक है। बजाज ने कहा कि कांग्रेस ने अयोध्या धाम में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा कर अपने वास्तविक चरित्र को उजागर कर दिया है, वैसे भी राम जन्मभूमि के मामले में कांग्रेस का रवैया सदैव विवादास्पद रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस धीरे-धीरे देश की मुख्य धारा से अलग होती जा रही है।



### 3 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 11 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में, एवं अति पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, तथा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणिशंकर चन्द्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस द्वारा प्रतिबंधित गांजा बिक्री के खिलाफ अभियान प्रतिबंधित गांजा के अवैध कारोबार के खिलाफछेड़े गये अभियान के तहत दुर्ग कोतवाली पुलिस को अवैध रूप से प्रतिबंधित गांजा विक्रय करने वाले को पकडने में सफलता प्राप्त हुयी है। अपराध से जुड़े लोग कहीं न कहीं प्रतिबंधित गांजा बेचने के आदी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गांजा का कारोबार के खिलाफअभियान छेड़ा गया। दिनांक 10.01.2024 को राजीव नगर सिन्हा भवन के पिछे दुर्ग अवैध रूप से गांजा बेचने की मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल पहूचकर घेराबंदी कर लोकेश्वर सिन्हा उर्फसोनू सिन्हा निवासी राजीव नगर दुर्ग को अवैध रूप से प्रतिबंधित गांजा बेचने पर पकडा गया जिसके कब्जे से 3.050 किलोग्राम गांजा किमती लगभग 30000/- रूपये जिसे पुलिस ने गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त कर समय सदर में आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 15/2024, धारा 20 ख, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# धान की आवक बढ़ने से बारदानों की कमी

## अब तक 90 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

■ मुख्य नगरसंवाददाता



**रायपुर, 11 जनवरी।** प्रदेश में सभी जिलों में धान की आवक खरीदी केंद्रों में तेजी से बढ़ती जा रही है जिसके चलते अब कई समितियों में बारदानों की कमी हो गई है। 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। किसानों को स्वयं का बोरा लेकर आने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के पश्चात भाजपा ने 21 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की थी। अब इस पर अमल शुरू हो गया है। इसलिए जिन किसानों ने धान बेच दिया था अब वे शेष धान को बेचने के लिए आ रहे हैं। अभी तक 90 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। शासन द्वारा मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। किसान समितियों में अपने बोरों से धान लेकर आते हैं जहां पर 40 किलो का एक कट्टा बनाया जाता है। समितियों में 2000 बोरा धान की खरीदी की जाती है। इससे पहले बायामेट्रिक सिस्टम के अनुसार रकबा के मालिक को अंगूठे का निशान देना पड़ता है। इस समय नया डिवाइस लगाया गया है जिसके कारण किसानों को हाथ धोकर आने को कहा जाता है। किसान अब अपने खेत मालिक होने का प्रमाण देने ऋण पुस्तिका एवं कृषि विभाग के रकबा खसरा को लेकर जा रहे हैं। आंखों की पुतली से अभी असली किसान की पहचान होने का डिवाइस नहीं आया है।

सत्ता परिवर्तन के पश्चात 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। प्रत्येक जिले में धान खरीदी केन्द्र के अन्तर्गत दो उपकेन्द्र बनाए गए हैं। यहां पर कम्प्यूटर आधारित व्यवस्था की गई है। किसान अपना धान मार्कफेड द्वारा उपलब्ध कराए गए बोरों में डालते हैं। सहकारी समितियों के प्रबंधकों ने किसानों को बताया है कि अब वे अपना बोरा लेकर आएं। इस समय जूट का बारदाना प्रति नग 80 से लेकर 125 रुपए तक मिल रहा है। किसान प्लास्टिक के बोरे अथवा पुराना बोरा लेकर आ रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने बारदाने की कीमत देने का वायदा किया था लेकिन इसे निभाया नहीं। अब किसानों को नई सरकार ने वादा किया है कि उन्हें एकमुश्त राशि दी जाएगी। पिछले सरकार का बोनस भी बाकी है लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई अधिकृत जानकारी बैंक अथवा वित्त विभाग से नहीं आई है। धान की कस्टम मिलिंग का काम भी चल रहा है।

# बजट सत्र के लिए प्रश्न लगने शुरू

## बजट को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

■ मुख्य नगरसंवाददाता

**रायपुर, 11 जनवरी।** विधानसभा के बजट सत्र के लिए अब प्रश्न लगने शुरू हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष के अनुसार प्रश्न ऑनलाईन ही लगाए जा सकते हैं। इस समय धान खरीदी एवं गिरती कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार 5 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। इस सत्र में विपक्ष द्वारा कृषि, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण एवं पंचायत में हो रही गड़बड़ियों एवं अनियमितताओं के बारे में अनेक प्रश्न लगाए जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष कार्यालय के अनुसार कार्यालय से प्रश्न भेजे जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। सदन में उमेश पटेल, भूपेश बघेल एवं संगीता सिन्हा बजट चर्चा में भाग लेंगे। अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग विधायक अपना पक्ष रखेंगे।

विस सचिवालय के अनुसार बजट सत्र में राज्य का बजट पेश किया जाएगा। नई सरकार का यह पहला बजट होगा। सरकार ने अपना घोषणा पत्र मुख्य सचिव को दे दिया है अब वे महतारी वंदन योजना सहित किसानों को दिए जाने वाले अंतर की राशि एवं अन्य घोषणाओं को पूरा करने के लिए बजट में प्रावधान करेंगे। मोदी की गारंटी को भी प्राथमिकता दी जाएगी। मार्च महीने में लोस चुनाव की घोषणा की संभावना को देखते हुए सरकार द्वारा चुनावी बजट बनाया जाएगा।

# छग के पांच शक्तिपीठों को चारधाम की तर्ज पर किया जाएगा विकसित



**रायपुर,11 जनवरी।** संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों और ब्लॉक स्तर पर सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह आरती और पूजा का आयोजन होगा, वहीं इस दिन शाम को गंगा आरती का आयोजन किया जाए। साथ ही इस मौके पर राज्य के सभी शासकीय भवनों में आकर्षक रौशनी की व्यवस्था की जाए। वे आज नया रायपुर अटल नगर स्थित महानदी भवन में संस्कृति और पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने उज्जैन और बनारस में बनाये गए भव्य कॉरीडोर की तर्ज पर राजिम मंदिर परिसर को विकसित करने के लिए भव्य कॉरीडोर निर्माण के बारे में अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने चारधाम यात्रा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण धार्मिक आस्था के केन्द्रों को शक्तिपीठ परियोजना के तहत विकसित करने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सूरजपुर के कुदरगढ़, चन्द्रपुर के चन्द्रहासिनी मंदिर, रतनपुर। के महामाया मंदिर, डोंगरगढ़ के बम्लेश्वरी मंदिर और दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर में इस योजना के तहत विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध ढंग से सुविधाएं विकसित करने का काम किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को गरियाबंद जिले के भूतेश्वर महादेव, जतमई घटारानी जलप्रपात, शिवमहापीठ, सिरकट्टी आश्रम और कोपरा के कोपेश्वर महादेव को ट्रॉयबल परिपथ के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि राजधानी रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में मकर संक्रांति के दिन भव्य पतंग उत्सव का आयोजन किया जाए।

# स्वच्छता अभियान में पलीता

## अमृत जल आपूर्ति का मीटर शौचालय में लगा दिया

**रायपुर, 11 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट 'स्वच्छ भारत' तथा 'अमृत जल मिशन' पर सरकारी कारिंदे किस तरह से पलीता लगा रहे हैं यह तस्वीर साफ-साफ चुगली कर रही है। अमृत जल मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए नल कनेक्शन दिये गये हैं। इस नल में 24 घंटे पानी आने की बात कही गई है। मिशन के तहत दिए गए नल कनेक्शनों में पानी मीटर लगाए जा रहे हैं। यानी पानी का जितना उपयोग किया जाएगा उतनी ही राशि निर्धारित शुल्क के हिसाब से अदा करनी पड़ेगी। यहां तक तो सब सही है लेकिन पानी मीटर लगाने में जिस तरह से लापरवाही की जा रही है उसे देखकर उबकाई आने लगती है। पुरानी बस्ती के एक मकान में शौचालय में टायलेट सीट के पास ही पानी मीटर लगा दिया गया है। यह तो न केवल स्वच्छता अभियान के विपरीत है बल्कि अमृत जल मिशन के मापदंडों का भी उल्लंघन है। भला ऐसे नल कनेक्शन से आने वाले पानी का सेवन कैसे किया जा सकता है। फिर नल के जल से भगवान को स्नान कराने सहित अन्य धार्मिक कार्य किए जाते हैं। अमृत मिशन के नाम पर अपवित्र पानी की सप्लाई की जा रही है। मीटर रीडिंग करने वाले को हर माह शौचालय के अंदर जाना पड़ेगा। यदि कोई हल्का होने के लिए शौचालय में होगा तो मीटर रीडर को उसके बाहर आने का इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा लग रहा है माना शौच की रीडिंग करने के लिए मीटर लगाया गया है। आपत्ति करने व पार्षद से शिकायत करने के बाद भी मीटर शौचालय में लगा दिया गया है। यह मानसिक प्रताड़ना का भी मामला है। शौचालय में पानी मीटर लगाने के पीछे इस गंदी सोच में बदलाव जरूरी है।



# मालदीव से व्यापार स्थगित करने की मांग

**रायपुर, 11 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में मालदीव के कुछ सरकारी लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ असम्मानजनक टिप्पणियों के जवाब में, कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट ने आज दिल्ली में एक प्रदर्शन मार्च का आयोजन किया, जिसमें व्यापारियों एवं निर्यातकों से मालदीव के साथ व्यापार स्थगित करने की ज़बरदस्त अपील की गई। मालदीव के साथ व्यापार स्थगित करें के बैनर के साथ मार्च में शामिल व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ किए गए आपत्तिजनक टिप्पणियों पर अपना गहरा रोष और आक्रोश व्यक्त किया।



**रायपुर, 11 जनवरी। गांधी-नेहरू उद्यान में रखरखाव के अभाव में फौव्वारे बर्बाद हो गए। अब इन स्थानों पर मिट्टी डालकर पौधे लगाने की तैयारी की जा रही है।**

# बंजारी मंदिर में भजन-कीर्तन एवं महाआरती



**रायपुर, 11 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान तहत बंजारी रोड़ स्थित बंजारी मंदिर में भव्य भजन कीर्तन एवं महाआरती का अयोजन हुआ। महाआरती में बंजारी रोड व्यापारी संघ सहित अन्य व्यापारी संगठनों के व्यापारी शामिल हुए। भजन कीर्तन मंडली द्वारा मंत्रमुग्ध प्रर्दशन किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान तहत बंजारी रोड़ स्थित बंजारी मंदिर में भव्य भजन कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन हुआ। उन्होनें आगे बताया कि 475 साल के इंतजार के बाद रामलला अपने महल में विराजित होंगे, ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा। यही वजह है कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश-विदेश के 5 लाख मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

# विप्र कॉलेज के 60 राष्ट्रीय खिलाड़ी खेल पदक से सम्मानित

**रायपुर, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विकसित भारत ञ्च 2047 के अनुक्रम में खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सत्र 2023 में विप्र कॉलेज के जोनल एवं ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 खिलाड़ियों को खेल-पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि सत्र 2023 में भी हर वर्ष की भांति विप्र कॉलेज के 60 छात्रों ने विभिन्न खेलों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है।और साथ ही बहुत से छात्रों ने ईस्ट जोन और ऑल इंडिया स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय के साथ महाविद्यालय को गौरान्वित किया है। ऐसे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए और अन्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि जागृत करने के लिए विप्र कॉलेज खिलाड़ी सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित करती है। प्रमुख रूप से इसमें स्वाति साहू ने कायाकिंग खेल में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी लेवल पर खेलते हुए पंजाब यूनिवर्सिटी में सिल्वर एवं ब्रांस मेडल प्राप्त किया। रमा सोनकर ने भी कायाकिंग खेल में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में ब्रांस मेडल प्राप्त किया। वासु गुप्ता ने टेनिस में इस ईस्ट जोन स्तर पर खेलते हुए ब्रांस मेडल प्राप्त किया। हैंडबॉल में ईस्ट जोन स्तर पर गौरव साहू, धर्मेंद्र पटेल और गौरव कटवार ने ब्रांस मेडल प्राप्त किया। योगिता राय ने इस ईस्ट जोन स्तर पर खेलते हुए 200 मी दौड़ और रिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्वालीफाई करते हुए ऑल इंडिया लेवल पर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया। इसी प्रकार अन्य खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल, कबड्डी, सॉफ्टबॉल, स्विमिंग, रेसलिंग एथलीट्स, बाल बैडमिंटन, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट और हैंडबॉल जैसे गेम में लगभग 40 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एवं शेष ने ईस्ट जोन स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है। खिलाड़ी सम्मान समारोह में मंच संचालन डॉ. कैलाश शर्मा एवं आयोजन राजेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ .विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, ज्ञानेंद्र भाई सहित समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



### टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन ने दिखाया अपने खेल का दम



**रायपुर, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन प्रतिभागी टीमों का मुकाबला हुआ। जहां छत्तीसगढ़ साबुन और डिटर्जेंट निर्माता संघ अब तक की सबसे कम रन बनाने वाली टीम बनी वही रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन अब तक की सबसे बड़े स्कोर को चेज़ करने वाली टीम बनी। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बेटर का पुरस्कार अपने नाम किया। नॉकआउट राउंड के दूसरे दिन के पहले मैच में रवि भवन व्यापारी संघ ने छत्तीसगढ़ लेमिनेट डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन को हराया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26